हरिभूमि
# रायपुर भूमि



### तड़के साढ़े तीन बजे अभियान चलाया

- बाहरी राज्य के लोगों को आधार कार्ड अन्य परिचय पत्र की जांच के बाद छोड़ा
- सवा दो सौ संदिग्ध लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई

एएसपी सिटी लखन पटले के अनुसार दूसरे प्रदेश से आए लोगों की तस्दीक करने तड़के साढ़े तीन बजे से अभियान चलाया गया। पुलिस का समाधान ऑपरेशन दोपहर एक बजे तक जारी रहा। ऑपरेशन समाधान के तहत पुलिस ने दूसरे प्रदेश से आकर किराए पर रहने वाले लोगों के साथ होटल, लॉज तथा सराय में किसी काम से आए दूसरे प्रदेश के लोगों को भी पुलिस लाइन लेकर पहुंची। वहां उनकी चिप्स की मदद से लाए गए लोगों का आधार कार्ड के साथ उनके मोबाइल नंबर का मिलान किया गया। जिन लोगों का आधार कार्ड मैच नहीं हो रहा था, उन्हें संदिग्ध मानते हुए उनके अन्य पहचान पत्रों की जांच की गई। लाइन के बाद थानों में इनकी जांच की गई।

# रोहिंग्या का समाधान ढूंढने पुलिस का ऑपरेशन तड़के 2000 को उठाया, सवा दो सौ पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दूसरे प्रदेश के लोगों द्वारा अपराध किए जाने तथा बड़े पैमाने पर रोहिंग्या के आने की शिकायत मिलने पर गुरुवार को पुलिस ने आपरेशन समाधान चलाया। योजना के तहत होटल, लॉज, सराय के साथ अलग-अलग थाना क्षेत्र में रहने वाले दो हजार से ज्यादा बाहरी लोगों को तड़के सोते से जगाकर पुलिस लाइन ⏭ शेष पेज 13 पर



### शहर के थाना क्षेत्रों में 14 राज्य के लोग मिले

दूसरे राज्य से आए लोगों की तस्दीक करने पर रायपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्र में 14 राज्य के 2013 लोग निवासरत होना पाया गया। सबसे ज्यादा यहां उत्तरप्रदेश तथा पश्चिम बंगाल के लोग मिले, जिनकी सूची इस प्रकार से है-

| | | | |
|---|---|---|---|
| प.बंगाल | 394 | जम्मू कश्मीर | 04 |
| उत्तर-प्रदेश | 571 | झारखण्ड | 71 |
| बिहार | 320 | नागालैण्ड | 01 |
| ओडिशा | 184 | गुजरात | 17 |
| महाराष्ट्र | 110 | नेपाल | 07 |
| मध्यप्रदेश | 273 | दिल्ली | 07 |
| राजस्थान | 54 | | |

### रात में की गई बस की व्यवस्था

दूसरे प्रदेश से आए लोगों की तस्दीक के लिए पुलिस लाइन लाने शहर के 21 थानों में 84 बसों की व्यवस्था पुलिस लाइन से की गई थी। तस्दीक करने की कार्रवाई लीक न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए बसों को बुधवार देर रात थानों के लिए रवाना किया गया था। दूसरे प्रदेश के लोगों की तस्दीक करने राजपत्रित पुलिस अफसरों के साथ सभी थानों के टीआई की बैठक आयोजित की गई। उसके बाद कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

## खबर संक्षेप



### तेज रफ्तार स्कार्पियो ने दो कारों को मारी टक्कर

**रायपुर।** राजेंद्र नगर रिंगरोड पर ओवरटेक के चक्कर में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दो कारों को टक्कर मार दी। हादसे में एक कार सर्विस लेन के पास नाले में जा गिरी। नाले में गिरने से कार सवारों को चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। हादसे का सीसीटीवी फूटेज भी सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, काले रंग की स्कार्पियों तेज रफ्तार में आ रही थी। कार ने ओवरटेक करने की कोशिश की, इसी दौरान मेन रोड से कार बेकाबू होकर सर्विस रोड पर आ गई। जहां खड़ी दो कारों को टक्कर मार दी। इससे कारें क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

बहन के पैसों से राजेंद्र नगर में बनवाया आलीशान मकान

# पीएससी के घोटालेबाज टामन के साले और उसकी पत्नी ने नौकरी के नाम पर झटके दो करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सोनवानी एक तरफ जहां पीएससी परीक्षा भर्ती फर्जीवाड़ा में शामिल है, वहीं दूसरी ओर उसके परिजनों के खिलाफ बेरोजगार युवक युवतियों से नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने के भी आरोप लग रहे हैं। एक ऐसे ही मामले में टामन सोनवानी का साला देवेंद्र जोशी तथा उसकी पत्नी झगीता के खिलाफ आठ लोगों ने नौकरी लगवाने के नाम पर दो करोड़ रुपए ठगी करने की सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ितों ने एक माह पूर्व थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के बाद बुधवार को दंपति के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज की है।

मूलतः अंजना गहिरवार, गजेन्द्र लहरे, कुणाल देव, भुनेश्वर सोनवानी के साथ अन्य चार ने थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस को बताया है कि देवेंद्र ⏭ शेष पेज 13 पर



## ठगी में खाद्य विभाग के एक अधिकारी के शामिल होने का शक

### जीजा के नाम का फायदा उठाया

ठगी के आरोप में गिरफ्तार देवेंद्र ने अपने जीजा के नाम का फायदा उठाते हुए बेरोजगारों को ठगी का शिकार बनाया। ठगी के शिकार लोगों ने पुलिस को बताया है कि देवेंद्र ने उनसे पैसे लेने के बाद कहा कि परीक्षा के कुछ दिन पूर्व उनके पास परीक्षा में पूछे जाने वाले सवालों की कॉपी मिल जाएगी। कॉपी नहीं मिलने पर परीक्षार्थियों ने देवेंद्र से पुनः संपर्क किया, तो उसने उन लोगों को झांसा देते हुए कहा कि उनकी अलग से ओएमआर शीट बनेगी। इस तरह से देवेंद्र ने फर्जी ओएमआर शीट बनाकर उन लोगों से अलग से आंसर लिखवाया।





### पेशे से सिविल कांट्रेक्टर

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक देवेंद्र अपने आपको पेशे से सिविल कांट्रेक्टर बताता है। हरिभूमि की टीम ने देवेंद्र के पुराना राजेंद्र नगर स्थित निवास पहुंचकर पड़ताल की, तो पड़ोसियों ने बताया कि देवेंद्र किसी तरह से कोई ⏭ शेष पेज 13 पर

### सचिवालय ले जाकर फर्जी घोषणा पत्र भरवाया

जिन लोगों ने नौकरी के नाम पर देवेंद्र को पैसे दिए थे, नाम नहीं आने पर ठगी के शिकार लोगों ने देवेंद्र से संपर्क किया, तो देवेंद्र ने उन्हें बताया कि उन लोगों को खाद्य के साथ श्रम तथा अन्य विभागों में नौकरी लगाने का प्रोसेस चल रहा है। इसके लिए देवेंद्र ने जिन लोगों से पैसे लिए थे, उन लोगों को अपने साथ सचिवालय ले जाकर नौकरी लगाने के पूर्व भरा जाने वाला भर्जी घोषणा पत्र भरवाया।

### नाटक के बाद पत्नी की गिरफ्तारी

पुलिस टीम देवेंद्र की गिरफ्तारी के बाद उसकी पत्नी को गिरफ्तार करने गई, तो उसने अपने आपको बाथरूम के अंदर बंद कर लिया। इसके बाद झगीता ने अपने परिचितों के माध्यम से पुलिस के पास मैसेज भिजवा दिया कि वह किसी पूजा कार्यक्रम के लिए टेकारी गई है। पुलिस ने टेकारी से वापस आकर पुनः देवेंद्र के घर दबिश दी, तो झगीता बाथरूम के अंदर बंद मिली। शाम छह बजे पुलिस झगीता को थाने लेकर आई, तो वकील ने सूर्य ढलने के बाद महिला की गिरफ्तारी पर सवाल उठाया। इस पर पुलिस ने शाम सात बजे सीजेएम के पास आवेदन पेश कर झगीता को गिरफ्तार करने अनुमति प्राप्त की और उसकी विधिवत गिरफ्तारी की।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## राजधानी सहित सभी बड़े शहरों का पारा 33 पार, 4 दिन में बढ़ेगी गर्मी

- अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में होगी 1 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी

**रायपुर।** राजधानी रायपुर का तापमान गुरुवार को 33 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। यह सामान्य से 4.6 डिग्री अधिक है। ना केवल अधिकतम तापमान बल्कि न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 3.7 डिग्री अधिक 18.2 डिग्री दर्ज हुआ है। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री तक बढ़ोत्तरी की संभावना जताई है। न्यूनतम तापमान में इस वृद्धि के बाद देर रात महसूस होने वाली हल्की ⏭ शेष पेज 13 पर




### तस्कर गिरफ्तार, एक लाख का गांजा जब्त

**रायपुर।** गंज पुलिस ने उत्तरप्रदेश के एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक लाख रुपए कीमत से ज्यादा का गांजा जब्त किया है। गांजा तस्करी करने के आरोप में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने मेरठ निवासी अंकित जाटव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अंकित को नमस्ते चौक के पास से पकड़ा। अंकित गांजा को ट्रेन के रास्ते उत्तरप्रदेश ले जाने की फिराक में था।

### फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनवाया, अपराध दर्ज

**रायपुर।** कोतवाली थाने में हैदराबाद के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के खिलाफ अपनी बेटी का रायपुर नगर निगम से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने का रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहम्मद आदिल भोजानी की शिकायत पर पुलिस ने अफरी सना के खिलाफ ठगी सहित अन्य गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया है। आदिल ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी उसे हैदराबाद से रायपुर शिफ्ट करने अपनी बेटी का रायपुर नगर निगम में फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनवाया। फर्जी जन्म प्रमाणपत्र के आधार पर आदिल के खिलाफ उसकी पत्नी ने महिला थाने में उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### बीमा पॉलिसी की रकम दिलाने 3.81 लाख ठगे

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक कारोबारी ने अज्ञात के खिलाफ बीमा पॉलिसी की रकम दिलाने के नाम पर ऑनलाइन 3 लाख 81 हजार ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चंगोराभाठा निवासी सुरेंद्र देवांगन ने पुलिस को बताया कि उनकी रिलायंस कंपनी में पालिसी है, जो 2025 में मैच्योर होने वाली है। सुरेंद्र के पास अज्ञात नंबर से कॉल आया, कॉल करने वाले ने खुद को बीमा कंपनी का अधिकारी बताया।



नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## जिला पंचायत सदस्य चुनाव के लिए भाजपा ने की प्रत्याशियों की घोषणा

**तिल्दा नेवरा।** पंचायत चुनाव का भी बिगुल बज गया है, साथ ही गुरुवार को भाजपा ने जिला पंचायत सदस्य के लिए अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा करते हुए तिल्दा के क्षेत्र क्रमांक 6 से अनुराधा वर्मा एवं 7 से स्वाति वर्मा को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। भाजपा ने इन्हें अपना प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं इसके साथ ही तिल्दा के छेत्र क्रमांक 6 से संतोषी वर्मा, सोनम साहू भी चुनावी मैदान में है। इसी तरह क्षेत्र क्रमांक 7 से सुमन देवव्रत नायक भी चुनावी मैदान में है।

## बिरोदा मड़ई कल

**अभनपुर।** ग्राम बिरोदा में मड़ई उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 1 फरवरी को रखा गया है। वासुदेव साहू ने बताया कि रात्रिकालिन गीतकार, निर्देशक दुष्यंत हरमुख एवं लोक गायिका रिंकी देवांगन जैसे कलाकरों से सजे रंग झरोखा टीम की अनुपम प्रस्तुती होगी।

## ममता सोनू तिवारी को मिला वार्डवासियों का समर्थन

**रायपुर।** नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा ने वार्ड क्रमांक 67 भक्त माता कर्मा वार्ड से महिला उम्मीदवार ममता सोनू तिवारी को प्रत्याशी बनाया है। इसकी घोषणा पश्चात वार्ड मे भाजपा समर्थक एवं वार्डवासी खासे उत्साहित दिखे। खासकर महिलाओं के बीच अत्यधिक प्रसन्नता देखी गई। पार्षद प्रत्याशियों के नामों की घोषणा होते ही समस्त वार्डवासी उनके निवास पहुंचे और उन्हें बधाई देने लगे। इस अवसर पर उनके निवास स्थान मुस्कान रेसिडेंसी में उल्लास का माहौल बना रहा, लोग फूलमाला लेकर उनको बधाई देने पहुंचते रहे। पूरे दिन घर में लोगों का आगमन होता रहा। इस अवसर पर वार्ड के वरिष्ठजनों के अलावा पार्टी समर्थक भी यहां देखे गए। श्रीमती तिवारी ने पूर्व में विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाई थी और इस बात को सुनिश्चित किया कि वार्ड से भाजपा को निर्णायक बढ़त मिले। इसी प्रयास को देखते हुए पार्टी संगठन एवं वरिष्ठ नेताओं ने पार्षद पद के लिए टिकट देकर परिश्रम का फल उन्हें दिया है।

## भाजपा का आज राजधानी में कार्यकर्ता सम्मेलन, सीएम भी रहेंगे मौजूद

**रायपुर।** प्रदेश का भाजपा संगठन शुक्रवार से नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलनों से आगाज कर रहा है। राजधानी रायपुर में बड़ा सम्मेलन किया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के साथ ही रायपुर के सांसद और विधायक मौजूद रहेंगे। भाजपा ने सभाओं से पहले सभी निकायों में कार्यकर्ता सम्मेलन करने का फैसला किया है।

### धमतरी महापौर प्रत्याशी का नामांकन निरस्त करने सीएम हाउस से गया फोन

# कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द दीपक बैज बोले- सत्ता का दुरुपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

धमतरी के कांग्रेस महापौर प्रत्याशी का नामांकन रद्द होने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने भाजपा पर सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने से रोकने भाजपा कई तरह के हथकंडे अपना रही है। कांग्रेस इससे डरने वाली नहीं है। कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ पार्टी पूरी मजबूती से खड़ी है। मामले को लेकर कोर्ट जाएंगे। न्यायालय पर पूरा भरोसा है, फैसला हमारे पक्ष में आएगा। नए प्रत्याशी के ऐलान पर उन्होंने कहा, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट और वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा कर आगे की रणनीति तय करेंगे।

उन्होंने कहा कि जिस विचारधारा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या की थी, उसी विचारधारा ने एक बार फिर से 30 जनवरी को धमतरी में लोकतंत्र की हत्या की। स्थानीय निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस के प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए तमाम तरीके का षड़यंत्र किया जा रहा है। धमतरी में कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी विजय गोलछा का नामांकन षड़यंत्रपूर्वक मुख्यमंत्री के निर्देश पर रद्द कर दिया गया। उन्होंने कहा, श्री गोलछा के नामांकन पर आपत्ति आने के बाद कल ही रात को मुख्यमंत्री ने धमतरी कलेक्टर को निर्देश दिया कि आपत्ति को स्वीकार कर नामांकन रद्द कर दिया जाए। वे नगर निगम धमतरी के पंजीकृत ठेकेदार नहीं हैं। वे पीडब्ल्यूडी में पंजीकृत ठेकेदार हैं तथा उन्होंने धमतरी निगम में वर्ष 2023 में काम लिया था, जो समय पूरा हो चुका था। उसकी एनओसी भी उन्होंने निगम से लिया था। धमतरी कलेक्टर ने अवैधानिक तरीके से उनका नामांकन निरस्त किया है।

### धमतरी कलेक्टर को तत्काल हटाए आयोग

उन्होंने कहा, 29 जनवरी को रात का धमतरी कलेक्टर के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल सार्वजनिक की जाए। स्पष्ट हो जाएगा कि मुख्यमंत्री निवास से उनको फोन गया था या नहीं। धमतरी कलेक्टर भाजपा के एजेंट की भांति काम कर रहे हैं। हम निर्वाचन आयोग से मांग करते हैं कि धमतरी कलेक्टर को तत्काल हटाया जाए। धमतरी के अलावा दंतेवाड़ा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग में हमारे वार्ड प्रत्याशियों के नामांकन भी सरकार ने दबावपूर्वक निरस्त कराए।



### चुनाव नहीं कराना चाहती थी सरकार

भाजपा स्थानीय निकाय चुनाव कराना ही नहीं चाहती थी। पहले अध्यादेश लाकर चुनाव में विलंब करने की साजिश की, फिर चुनाव 6 महीने बढ़ाने विधेयक लाकर कानून बनाया गया। जब जनता का दबाव पड़ा तो चुनाव की घोषणा की गई, लेकिन अभी भी सरकार हार के डर से विरोधी दल के उम्मीदवार को चुनाव लड़ने से रोक रही है।

### जिला अध्यक्षों को कांग्रेस के बागी प्रत्याशियों को मनाने का जिम्मा

0 आज दोपहर 3 बजे तक जमा होंगे बी फार्म

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस के कई बागी प्रत्याशी मैदान पर उतरे हैं। पार्टी द्वारा उन्हें मनाने के लिए जिला अध्यक्षों और वहां के वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला अध्यक्षों ने इस संबंध में ऐसे लोगों की जानकारी लेकर उनसे संपर्क कर उन्हें नाम वापसी के दिन तक अपना नामांकन वापस लेने कहा गया है। पार्टी ने जिन अधिकृत प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने के लिए अधिकृत किया है, उनका सहयोग करने की अपील की है। राजधानी रायपुर सहित बिलासपुर संभाग के अधिकतर नगरीय निकायों में यह स्थिति देखने में आ रही है। जो लोग नामांकन वापस नहीं लेंगे, उन पर पार्टी एक्शन लेगी। कांग्रेस ने पंचायत चुनाव के समन्वय के लिए जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में एक कमेटी गठित की है, जो पार्टी समर्थित प्रत्याशियों के साथ मिलकर चुनाव जीतने की रणनीति पर काम करेगी। बताया गया है कि निकाय चुनाव का नामांकन पूरा होने के बाद अब बागी प्रत्याशियों से कल तक नाम वापस लेकर पार्टी के समर्थन में चुनाव मैदान से हटें।

## छात्राओं ने भरतनाट्यम नृत्य में दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलयारी

- कार्यक्रम में 303 कलाकार शामिल हुए

कोलंबिया ग्लोबल स्कूल का प्रतिनिधित्व करते हुए कोलंबिया ग्लोबल स्कूल की छात्रों ने अपनी गुरु नेहा यादव के मार्गदर्शन में भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में 303 कलाकार शामिल हुए हैं। दुनिया भर में भारतीय कला को बढ़ावा देने के लिए भारत के सभी शास्त्रीय और लोक नृत्य रूपों को भारत वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और कलाकर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भागीदार के रूप में पंजीकृत किया गया है। जिसमें उन्हें दो अलग-अलग विश्व रिकॉर्ड प्रमाण पत्र और मोमेंटो से सम्मानित किया गया है साथ ही उनकी गुरु नेहा यादव को गुरु सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस नृत्य में छात्रों ने मां दुर्गा को दर्शाते हुए एक बहुत ही अद्भुत और प्यारा नृत्य किया है जिसे की उनकी गुरु श्री नेहा यादव के द्वारा कोरियोग्राफ किया गया, जिसमें स्कूल की क्लास 4th और क्लास 5th की छात्रा सौम्या वर्मा, मेगा वर्मा, परी साहू, एंजल वर्मा, याशिक, आराध्या,जानवी, स्वरा,चेष्टा,इस नृत्य मे भाग लिया, भरतनाट्यम की शानदार प्रस्तुति की जिसमें नव देवी शक्ति का आह्वाहन कराया गया, इस नृत्य को देख कर सारे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।छोटे छोटे बच्चो द्वारा उनकी गुरु के नेतृत्व में एक बहुत ही प्यारा नृत्य देवी दुर्गा के सम्मान और उनकी शक्ति को दिखाया गया।छत्तीसगढ़ में पहली बार दो वर्ल्ड रिकॉर्ड भारत के विभिन्न लोक व शास्त्रीय नृत्य में लगातार 12 घंटे नृत्य प्रदर्शनी में बनाया गया।

## आरंग क्षेत्र में रामायण महोत्सव का आगाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

रामायण महोत्सव राज्य स्तरीय भव्य मानस गान व्याख्यान सम्मलेन आयोजन के संबंध में पंचमुखी महादेव आरंग में बैठक संपन्न हुई। श्रीराम चरित मानस संगठन के मार्गदर्शक हीरालाल साहू, अशोक साहू, भुवन साहू, सीताराम यादव, मानस लोधी, अवध विश्वकर्मा, परमानन्द जलक्षत्री के संयोजन हुए बैठक में सम्मेलन आरंग क्षेत्र के विभिन्न गांवों में होना तय हुआ है। जिसमें अंचल के ख्याति प्राप्त विभिन्न संगीत एवं व्याख्या प्रधान मानस मंडलियों को समावेशित किया जाएगा। संगठन प्रवक्ता टोकेश साहू ने बताया कि विगत वषोंर् से आरंग क्षेत्र के कई गांवों में अखण्ड रामायण का आयोजन होता आ रहा है, जिसे संस्था के पदाधिकारीयों द्वारा मिलकर नए प्रारूप में अनुशासनात्मक और सुव्यवस्थित क्रम व दिशा–निर्देशों के अनुसार मानस मंच संयोजन कर संपन्न कराए जाने हेतु आयोजक समितियों से आग्रह किया गया है। उक्त आयोजन ग्रामों पदाधिकारी जिसमें ग्राम भोथली से राजेंद्र साहू, गौकरण चंद्राकर, गोविंदा साहू, ताम्रध्वज यादव, टीकाराम साहू, कृष्ण कुमार साहू, ग्राम पंधी से देखराम साहू, रामाधार यादव, ओसन जलक्षत्री, तीरथराम साहू, नीलकुमार साहू, टोकेश साहू, ग्राम बनरसी से खुमान साहू, दिलेश्वर साहू, मनीराम साहू, कोमल साहू, गीता साहू, रेखा साहू, अंजनी साहू, कला साहू, ग्राम निसदा से पुरानिक हिरवानी, मनहरण साहू, युवराज साहू, डॉ. भुवन साहू महेन्द्र कुमार साहू, मोहन साहू, ग्राम खमतराई से तुकाराम साहू, परस यादव, घनाराम साहू, मनीराम साहू, मनसुख यादव, हीरालाल साहू, कीमत साहू, गुलाब यादव, ग्राम रानीसागर से तीरथ साहू, उत्तम साहू, तिजराम साहू, शीतल, साहू, मनीराम साहू, शिवप्रसाद साहू इन सभी छः गांवों की सहमति पर उक्त आयोजन फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में होना तय हुआ।




## शिक्षक संघ ने नव पदस्थ बीईओ से मुलाकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा

विकास खंड तिल्दा में नव पदस्थ विकास खंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद दास से शिक्षक संघ ने सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया गया। भेंट के शिक्षक एल बी संवर्ग की समस्याओं पर चर्चा किया गया जिसमें मुख्य रूप से सेवा पुस्तिका का संपरिक्षक से जांच कराने, पासबुक का संधारण करने एवं अन्य विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु समस्या निवारण शिविर आयोजित करने का आग्रह किया गया। उक्त सभी विषयों पर दास सर द्वारा सकारात्मक जवाब मिला और पंचायत चुनाव पश्चात सभी विषयों का निराकरण करने की बात कहा गया। सौजन्य मुलाकात में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष गोपाल प्रसाद वर्मा, संरक्षक दिनेश कुमार आडिल, उपाध्यक्ष नरोत्तम ध्रुव, सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा, कैलाश बघेल, साथ ही चित्रसेन वर्मा, माखन लाल यादव, सालिक राम वर्मा, महेंद्र सेन, ओंकार वर्मा, डोमार वर्मा, सतीश साहू, गजेन्द्र वर्मा, संजय वर्मा, मदनलाल वर्मा,उदेराम वर्मा सहित बहुत से शिक्षक उपस्थित रहे।

## सुरक्षात्मक वातावरण का निर्माण कर शून्य क्षति के साथ कार्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा

खान सुरक्षा निदेशालय बिलासपुर व रायगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड बैकुंठ लाइमस्टोन खदान में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। उक्त आयोजन में प्रमुख रूप से खान सुरक्षा निदेशालय द्वारा गठित निरीक्षण दल में से कन्वेयर सेल से अनुपम बिष्ट, जीएम बतौर मुख्य अतिथि शरिक हुए। इसके अलावा जीतेन्द्र ठाकरे एनएमडीसी बाचेली, जोयसिमा कर श्री सीमेंट, मंगेश उठाने गोदावरी इस्पात से शिरकत किया। खान प्रांगण में आयोजित समारोह का मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण कर शुभारंभ किया गया। वहीं मुख्य अतिथि बिष्ट ने उपस्थित समुदाय को खान में सुरक्षित कार्य संपादन के लिए शपथ दिलाते हुए खान सुरक्षा उपाय को लेकर मार्गदर्शन दिया। साथ वहीं खान सुरक्षा के प्रबंध व्यवस्था की सराहना की। इस अवसर पर खान विभाग प्रमुख अशोक कुमार सिंन्हा ने कहा कि अपने कार्य क्षेत्र में सुरक्षात्मक व सकारात्मक वातावरण का निर्माण कर शून्य क्षति के साथ अपना कार्य निष्पादन करना चाहिए। वहीं खान प्रबंधन रविंदर सिंह पाल भाटिया ने अतिथियों को खदान के सुरक्षा उपबंधो, नियमों, मानक कार्य प्रणाली, विगत वर्षों से शून्य क्षति आदि के वषय में विभिन्न जानकारी दी। साथ ही सुरक्षात्मक कार्यप्रणाली अपनाकर कार्य करने के लिए अलग -अलग राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों से प्राप्त पुरस्कारों से भी अवगत कराया। समारोह पर खान में कार्यरत कर्मचारियों व स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत, सुरक्षा गीत के अलावा खान के कर्मचारियों के द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। समारोह पर बैकुंठ सीमेंट वर्कर्स आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल व समीप के स्कूली बच्चों, खान में कार्यरत कर्मचारियों एवं गृहिणियों के लिए निबंध, लेखन प्रश्नोत्तर, चित्रकारी, खान सुरक्षा स्लोगन आदि विभीन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिन्हें अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। समारोह के दौरान निरिक्षण दल के द्वारा खदान के विभिन्न क्षेत्रों का निरिक्षण किया गया। साथ ही वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण का संदेश भी दिया गया। आयोजित समारोह को खान कुमार विभाग के प्रमुख अशोक कुमार सिंन्हा व एचआर प्रमुख देवाशीष राय चौधरी, वित्त विभाग प्रमुख सुनंदा बसु, खान प्रबंधक रविंदर पाल सिंह भाटिया, के अलावा खान के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित संयंत्र के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बड़ी तादाद में सम्मलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।




## युवा सत्य के मार्ग पर चले





**तरपोंगी।** खैरखूंट में चल रहे संगीतमय कबीर सत्संग के द्वितीय दिवस महंत डॉ. लीलाधर दास ने अपने मुख से कबीर के वाणी को विस्तार से बताया। कबीर ने पाखंड व आडम्बर का विरोध किया। आज के युवा पीढ़ी को कबीर प्रसंग के माध्यम से अच्छे मार्ग में चलने राह बताया। संस्कार वान बनो अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करो।

## कोलर में महिला की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अभनपुर

अभनपुर थाना क्षेत्र में 29 जनवरी को ग्राम कोलर में एक महिला की हत्या हो गई है। जानकारी के मुताबिक कोलर निवासी जय कुमार यादव की पत्नी धनेश्वरी यादव घटना के 24 घंटे पूर्व से लापता होने तथा उसी के घर के ठीक सामने हरख साहू के घर में मृत अवस्था में आपत्तिजनक लाश बरामद हुई है, जिस घर में लाश बरामद हुई है उसके भी घर वाले दूसरे गांव में मंडई मेले के आयोजन में गए हुए थे।

वापस आकर घर का ताला खोलने पर आपत्तिजनक स्थिती में मृतका का शव चारपाई में बंधा हुआ देखा जिसकी सूचना अभनपुर थाने में दी गई। इस मामले मे जिस घर में लाश बरामद हुई है उसका बेटा अभी तक फरार बताया जा रहा है। मौके पर पहुंची डॉग स्क्वॉड एवं फॉरेंसिक टीम के हाथ में सुराग लगी है। मृतका के सर में गहरे चोट और खून के धब्बे मिले हैं।

उक्त घटना में जिस घर से लाश बरामद हुई है उसी के बेटे पर पुलिस आशंका व्यक्त कर रही है अभनपुर पुलिस इस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही है।

## भाजपा प्रत्याशी ललिता वर्मा ने भरा नामांकन

**आरंग।** गुरुवार को जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 13 (आरंग) से ललिता कृष्णा कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेड में क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब की मौजूदगी व समर्थकों की भारी भीड़ के बीच अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर गुरु खुशवंत ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढाते हुए कहा कि जिले के सभी सदस्य और जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा के ही बनेंगे। नामांकन दाखिल करने के बाद ललिता कृष्णकुमार वर्मा ने कहा की यह चुनाव मेरे लिए जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि क्षेत्र के विकास और जनकल्याण का दूसरी बार अवसर है। मेरी प्राथमिकता हर वर्ग के समस्याओ का समाधान करना



और विकास कार्यो को नई गति देना है। विदित हो कि ललीता वर्मा अपने पहले 5 वर्ष की कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में करोड़ों रुपयों का विकास कार्य करवा चुकी है, जो आज क्षेत्र में उनकी पहचान बन चुकी है।

## जिपं क्षेत्र क्रमांक 3 से सविता ने भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलयारी

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण श्याम कुमार नारंग ने रायपुर जिला पंचायत के भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की सूची जारी की जिसमें मांढर क्षेत्र के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 से सविता चंद्राकर को भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया। बता दे की सविता चंद्राकर वर्तमान में महिला मोर्चा रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष हैं। तथा पूर्व में जिला पंचायत सदस्य भी रह चुके हैं इसके अलावा नेऊरडीह में एक बार सरपंच पद पर रह चुके हैं। सूची जारी होते ही सविता चंद्राकर ने गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल किया । इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता तथा ग्रामीण उपस्थित थे।



### भागवत कथा में गांव सहित आसपास के श्रोता बड़ी संख्या में पहुंच रहे

# कृष्ण-सुदामा प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रोता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलयारी

हम सभी माया में बंधे हुए है। सुख के लिए हम जो साधन जुटाते हैं एक दिन वही दुख का कारण बन जाता है। जो इन्द्रियों को वश में करता है, शरीर को वश में करता है वह सदैव कृष्ण का हो जाता है। मनुष्य को मोह-माया का त्याग कर भगवत भजन में मन लगाना चाहिए। उक्त बातें ठाकुरदेव चौक मढ़ी में समस्त मोहल्ला वासियों की ओर से आयोजित हो रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के आठवें दिन गुरुवार को कथावाचिका भागवत मर्मज्ञा पूज्या श्रद्धा दीदी सिमगा वाली ने कही। कथा प्रसंग में पवित्र व्यास गद्दी से उन्होंने सुदामा चरित्र, 24 गुरू कथा, परीक्षित मोक्ष कथा को विस्तार से बताया। सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए कथा व्यास ने कहा कि, मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण-सुदामा जी से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र (सखा) से सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है।



### सुदामा और कृष्ण की झांकी पर फूलों की वर्षा

जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा-सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया-कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया और सुदामा को अपने महल में ले गए और उनका अभिनंदन किया। इस मार्मिक दृश्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए और आंखों से आंसू छलक आए। उन्होंने सुदामा और कृष्ण की झांकी पर फूलों की वर्षा की। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में रसिक श्रोतागण कथा पंडाल पहुंच धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। 23 से 31 जनवरी तक आयोजित हो रही भागवत कथा में गांव सहित आसपास गांव से भी बड़ी संख्या में रसिक श्रोता पहुंच रहे हैं। कथा का समय दोपहर 01 से शाम 05 बजे तक है। परायणकर्ता पंडित राहुल तिवारी पंडरिया वाले हैं।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

दिनांक 24/01/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गिरीश आठवानी पिता/पति झामन दास निवासी लाखेनगर की ग्राम बहेसर प.ह.नं. 26 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 91, 92, 93, 94/1, 94/2, 95/1, 95/2, 95/3, 95/4 रकबा 0.279, 0.243, 0.6070, 0.809, 0.809, 0.583, 0.2910, 0.2940, 0.2920 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक ग/तह 2025 आदेश दिनांक 20/01/2025 के परिपालन में दिमांक 31/01/2025 को समय 12:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 26 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-19 (धनेली)**

# 25 बरस से ठक्कर बापा में पंजे की पकड़ भाजपा को इस बार उलटफेर की उम्मीद

**वार्ड नंबर 17 ठक्कर बापा वार्ड**

भाजपा प्रत्याशी - प्रमिला साहू
कांग्रेस प्रत्याशी- दिनेश्वरी अन्नूराम साहू
मतदाता संख्या - 16 हजार 430
पुरूष मतदाता - 8 हजार 403
महिला मतदाता - 8 हजार 33
तृतीय लिंग मतदाता - 04

परिसीमन क्षेत्र - प्रेमनगर, गुलाब नगर, पार्वती नगर, गणेश-साईं मंदिर क्षेत्र, नहर पट्टी, कलिंग नगर



## वार्ड में नाला भराव मुख्य समस्या, पानी टंकी को तरसे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में बीजेपी की सरकार हो या कांग्रेस की ठक्कर बापा वार्ड में राज्य बनने के बाद से ही जीत कांग्रेस के हिस्से में ही आई है। भाजपा ने कई बार टक्कर तो दी, लेकिन हर बार हार का सामना करना पड़ा। इस बार महिला आरक्षित सीट घोषित कर दिया गया है। भाजपा को अपनी महिला प्रत्याशी से उम्मीदें हैं तो कांग्रेस अपने गढ़ को बचाए रखना चाहती है। भाजपा से इस बार प्रमिला साहू और कांग्रेस से दिनेश्वरी अन्नूराम साहू यहां उम्मीदवार हैं।

परिसीमन के बाद यहां बीजेपी शासित दूसरे वार्ड की कुछ कॉलोनियां और बस्ती के हिस्से शामिल हुए हैं। कांग्रेस यहां विकास की बात करते हुए वोट मांग रही है। तो वहीं बीजेपी का आरोप है कि यहां विकास कार्य राज्य की भाजपा सरकार द्वारा किए गए हैं, ना कि कांग्रेस पार्षद द्वारा। इस वार्ड के अंतर्गत आने वाले बस्ती क्षेत्र में शुरुआती बारिश के बाद ही नाला भराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। इसके अलावा पानी टंकी की आवश्यकता भी लोग लंबे समय से महसूस कर रहे हैं। ये दो मुख्य मुद्दे ही इस चुनाव में भारी हैं।

### विपक्ष के पार्षद को नहीं देते मदद



दिनेश्वरी अन्नुराम साहू कहती हैं कि यहां शुरुआत से ही कांग्रेस पार्षद को लोगों ने मौका दिया है, लेकिन राज्य में भाजपा की सरकार रही है। जब विपक्षी पार्षद बैठते हैं तो सरकार उतनी मदद नहीं देती है, जितनी उन्हें देनी चाहिए। जो भी विकास कार्य हुए हैं, वे पिछली सरकार में कांग्रेस के शासनकाल में ही कर सके हैं। विपरित परिस्थितियों के बाद भी हम अपने स्तर पर जनता की मदद कर रहे हैं।

### सरकार ने किए काम, पार्षद ने नहीं



प्रमिला साहू ने कहा, बीते 25 सालों से कांग्रेस पार्षद होने के बाद भी यहां कोई विशेष कार्य नहीं हो सके हैं। इस क्षेत्र में जो भी काम हुए हैं, वे सरकार ने किए हैं। भाजपा के मंत्री कीचड़ में चलकर आते हैं जनता की समस्याएं जानने के लिए। जब हम प्रचार में जाते हैं तो लोग हमसे कहते हैं कि हम कांग्रेस से त्रस्त हो चुके हैं। हमें इसे बदलना है।

# पं. विपिन बिहारी सूर वार्ड में त्रिकोणीय मुकाबला नशाखोरी-गुंडागर्दी और अवैध कब्जा प्रमुख मुद्दा

**वार्ड नंबर 64 पं. विपिन बिहारी सूर वार्ड**

वार्ड 64 में मतदाताओं की कुल संख्या -12306
पुरूष मतदाता 5954,
महिला मतदाता 6347,
तृतीय लिंग मतदाता-5




नगर निगम रायपुर के पं. विपिन बिहारी सूर वार्ड क्रमांक-64 में पिछले 20 वर्षों में अनेक विकास कार्य हुए हैं। नाले-नाली, सड़क, सामाजिक भवन, तालाब का सौंदर्यीकरण के कार्य किए गए हैं, लेकिन विकास कार्यों के साथ इस वार्ड में नशाखोरी, गुंडागर्दी और अवैध कब्जे के मामले में भी बढ़े हैं। वार्ड में पिछले 4 बार के पार्षद चुनाव में यहां मनोज वर्मा का दबदबा रहा है। दो बार वे स्वयं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीत चुके हैं, वहीं भाजपा में प्रवेश करने के बाद एक बार उनकी मां और दूसरी बार फिर वे स्वयं चुनाव जीते हैं। इस तरह पिछले चार बार से पार्षद चुनाव में वर्मा



परिवार का ही इस सीट पर कब्जा रहा है। भाजपा ने इस बार भी मनोज वर्मा पर ही दांव खेला है। मनोज वर्मा का कहना है कि उनके वार्ड में विकास कार्य लगभग हो चुके हैं, कुछ निर्माणाधीन हैं, उन्हें भी चुनाव जीतने के बाद पूर्ण करा लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वार्ड में कुछ करने की जरूरत है तो अब बस नशाखोरी और गुंडागर्दी पर लगाम लगाकर शांति व्यवस्था स्थापित करना है। इधर मनोज वर्मा के विरुद्ध मैदान में उतरे कांग्रेस प्रत्याशी संजीव सिंह यादव का कहना है कि वार्ड में भय का वातारण और अवैध कब्जे पूर्व पार्षद के कार्यकाल में ही बढ़े है, जिसे मुक्त कराना मेरा संकल्प है। इस वार्ड से भाजपा और पूर्व विधायक बृजमोहन अग्रवाल के करीबी रहे मनोज चक्रधारी भी टिकट नहीं मिलने से बगावत में उतरकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे है। मनोज चक्रधारी का भी कहना है कि वार्ड में नशाखोरी-गुंडागर्दी, अवैध वसूली चरम पर है। इस पर लगाम लगाना आवश्यक है। इन मुद्दों को लेकर वह जनता के बीच जाएंगे।

### त्रिकोणीय मुकाबला रहेगा

वार्ड में जरूर अनेक विकास कार्य हुए हैं, लेकिन जिस तरह से नशाखोरी-गुंडागर्दी, अवैध कब्जा, अवैध वसूली जैसे मामले बढ़ने के कारण भय का वातावरण बना है, इससे वार्ड का प्रत्येक वासी मुक्त होना चाहता है। भाजपा-कांग्रेस और निर्दलीय तीनों प्रत्याशी मान रहे हैं कि उनके वार्ड में अपराध का ग्राफ बढ़ा है, जिस पर लगाम लगने की सख्त जरूरत है। इस वार्ड में वर्मा परिवार का जरूर पिछले 20 साल से दबदबा रहा है, लेकिन इस बार चुनाव में पहली भाजपा से बगावत कर मनोज चक्रधारी भी खड़े हैं, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी संजीव सिंह यादव भी पूर्व में इस वार्ड से निर्दलीय चुनाव लड़ चुके हैं, उन्हें उस समय 1376 वोट मिले थे। इस तरह वार्ड से चुनाव जीतना किसी भी प्रत्याशी के लिए आसान नहीं होगा। जनता इनमें से किस प्रत्याशी पर विश्वास करेगी यह चुनाव के परिणाम ही बताएगा।

### भाजपा प्रत्याशी मनोज वर्मा



भाजपा प्रत्याशी मनोज ने कहा कि उनके वार्ड में अनेक विकास कार्य हुए हैं। वार्ड में अपराध जमकर हो रहे हैं, इसलिए नए विकास कार्य कराने से पहले वार्ड को अपराध मुक्त कर शांति व्यवस्था स्थापित करना मेरा मकसद होगा। इसी मुद्दे को लेकर वे जनता से दोबारा वोट मांगेंगे।

### कांग्रेस प्रत्याशी संजीव सिंह यादव



कांग्रेस प्रत्याशी संजीव सिंह यादव ने कहा कि वार्ड में भय का वातावरण बना हुआ है। जगह-जगह नशाखोरी और अवैध वसूली की जा रही है। अवैध कब्जा कर लोगों को परेशान किया जा रहा है। वार्ड को इससे मुक्त कराना होगा। इसके लिए वार्ड का प्रतिनिधि बदलना जरूरी है। इस मुद्दे को लेकर वे जनता से वोट मांगेंगे।

### निर्दलीय प्रत्याशी मनोज चक्रधारी



निर्दलीय प्रत्याशी मनोज चक्रधारी ने कहा कि पिछले 15-20 वर्षों में वार्ड में गुंडागर्दी बढ़ी है, जिसके कारण आम लोग परेशान हैं। वार्ड में नए विकास कार्यों के साथ गुंडागर्दी को भी खत्म करना जरूरी है। इन मुद्दों को लेकर वे जनता के बीच जाएंगे। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतने के बाद मनोज वर्मा ने भाजपा प्रवेश कर लिया। तीसरी बार महिला वर्ग होने पर उनकी मां ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीता तथा चौथी बार पुरूष वर्ग होने पर वे फिर भाजपा से खड़े होकर चुनाव जीता।

# डेढ़ दशक से हेमूकालाणी वार्ड में भाजपा का कब्जा, पिछले चुनाव में कांग्रेस ने लगाई सेंध इस बार बागियों को भी उम्मीद

**वार्ड नंबर 28 शहीद हेमू कालाणी वार्ड**

कुल मतदाताओं की संख्या
11,520
पुरूष मतदाता 5,699
महिला मतदाता 5,821

निवृतमान पार्षद बंटी होरा और पूर्व एमआइसी मेंबर जसबीर ढिल्लन निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान पर

डेढ़ दशक से भाजपा के कब्जे में रहे हेमूकालाणी वार्ड के पार्षद की कुर्सी पिछले चुनाव में कांग्रेस ने हथिया ली। 2019 के निगम चुनाव में एनएसयूआई के शहर अध्यक्ष रहे बंटी होरा ने कांग्रेस के टिकट पर भाजपा प्रत्याशी रुस्तम भाटी को 179 वोटों से हराकर जीत दर्ज की। जनसंघी माने जाने वाले वार्ड में यह पहला मौका रहा जब कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी ने इस मिथक को तोड़ा। इस बार सिटिंग पार्षद बंटी होरा कांग्रेस से टिकट कटने के बाद निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान पर हैं। रोचक बात ये है कि इसी वार्ड से महात्मा गांधी वार्ड के पूर्व पार्षद और प्रमोद दुबे की परिषद में एमआईसी सदस्य रहे जसबीर सिंह ढिल्लन भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान पर हैं। कांग्रेस पार्टी ने इस बार बंटी होरा की जगह जी. श्रीनिवास को पार्टी प्रत्याशी बनाया है। वहीं भाजपा से कृतिका जैन चुनाव लड़ रही हैं। नगर निगम जोन 2 के हेमू कालाणी वार्ड में पार्षद के चुनाव में इस बार चतुष्कोणीय मुकाबला रहेगा। इसमें भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी के अलावा कांग्रेस से बागी हुए 2 निर्दलीय प्रत्याशी चुनावी समीकरण गड़बड़ा सकते हैं। विदित हो कि परिसीमन से पहले रानी लक्ष्मी बाई वार्ड नंबर 35 के नाम से यह वार्ड हुआ करता था। इस वार्ड से निर्दलीय प्रत्याशी जग्गू ठाकुर पार्षद बने। परिसीमन के बाद शहीद हेमू कालाणी वार्ड बनने के बाद भाजपा से लगातार तीन बार पार्टी के प्रत्याशी पार्षद बनकर आये। इनमें दिलीप सारथी, किरण सारथी और गोपाल सोना शामिल हैं। 2019 से 2024 तक कांग्रेस पार्टी से बंटी होरा वार्ड पार्षद के साथ जोन 2 अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालते रहे।

**आमने-सामने**

### 5 साल में कोई काम नहीं हुआ - जसबीर ढिल्लन



पिछले 5 साल में वार्ड विकास का काम कोई नहीं हुआ। सफाई व्यवस्था लचर है। पार्षद 11 बजे के बाद पब्लिक से मिलते नहीं थे। देवेन्द्र नगर में सुरक्षा को लेकर समुचित व्यवस्था नहीं है। पॉश इलाका होने के बाद भी हरियाली की कमी है। वार्ड पार्षद ऐसा होना चाहिए जिसे हर कोई जानता हो। वार्ड की सफाई व्यवस्था को सुधारने की जरूरत है। जनता से मौका दिया तो वार्ड में अच्छे क्वालिटी की स्ट्रीट लाइट लगवाऊंगा।

### 5 साल में बहुत काम हुए : होरा



आरोप निराधार हैं। वार्ड की जनता को पता है कि पिछले पांच साल में किस तरह विकास के कार्य हुये। देवेन्द्र नगर सेक्टर 4 और 5 में जलभराव की समस्या थी। लोगों के घरों से लेकर गली तक पानी भरता था। इसके समाधान के लिए बड़ा नाला का निर्माण कराया। पहले वार्ड में आरडीए द्वारा ईंट की बनाई नालियां होती थीं जिसमें कचरा जाम की समस्या रहती थी। इसे आरसीसी कर पक्की नालियां बनवाईं। पंडरी के महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट में सड़क चौड़ीकरण की समस्या रही। सड़क चौड़ीकरण कार्य करवा कर समस्या दूर की। नये स्ट्रीट पोल भी लगवाये। जहां पहले कचरों का ढेर लगा रहता था, वहां के मुक्कड़ से कचरा हटाकर उसे सुंदर स्वरूप दिया।

### विकास कार्य को देंगे प्राथमिकता : जी श्रीनिवास, कांग्रेस प्रत्याशी

भाठापारा, देवेन्द्र नगर सेक्टर 1, 2, 4,5 में जनता की मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने काम करेंगे। वार्ड विकास के कार्य को पहली प्राथमिकता दी जायेगी। पार्टी संगठन में किये गये कार्य के आधार पर मुझे टिकट मिला है। सिंगल नाम पैनल में भेजा गया। वार्ड में या क्षेत्र गंगानगर, प्रगति नगर जुड़ा है महात्मा गांधी वार्ड के इस हिस्से वाले स्लम बस्ती में पूर्व पार्षद प्रमोद साहू ने काम नहीं किया। उस कार्य को प्रमुखता से करेंगे।

# सवन्नी बोले- भाजपा जल्द जारी करेगी जनघोषणा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और नगरीय निकाय चुनाव के प्रदेश संयोजक भूपेंद्र सवन्नी ने कहा, भारतीय जनता पार्टी नगरीय निकाय चुनाव का घोषणापत्र शीघ्र ही जारी करेगी। साथ ही भाजपा जनता के बीच ही आरोपपत्र भी लेकर आएगी। भाजपा का जनघोषणा पत्र प्रदेश की निकायों के विकास और भाजपा के सुशासन की अवधारणा से परिपूर्ण होगा। 1 फरवरी को



प्रदेशभर के भाजपा कार्यकर्ता अपने घरों में भाजपा का झंडा लगाने का अभियान चलाएंगे। उनका कहना है, भाजपा ने तैयारियों के मामले में अंतर्कलह से जूझ रही कांग्रेस को काफी पीछे छोड़ दिया है। श्री सवन्नी ने कहा, भाजपा कार्यकर्ता घर-घर विष्णुदेव साय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं, साथ ही कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान निकायों में हुए भ्रष्टाचार और विकास कार्यों की अनदेखी का मुद्दा भी जनता के बीच उठाया जाएगा। श्री सवन्नी ने कहा, कांग्रेस की पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में नगरीय निकायों में विकास कार्य शून्य रहे। कांग्रेस के निकायों के जनप्रतिनिधियों ने विकास कार्यों में भ्रष्टाचार को अंजाम दिया। जनता अब कांग्रेस से ऊब चुकी है, इसलिए ठान लिया है कि नगरीय निकाय में भी भाजपा का सुशासन लाना है। इस बार भाजपा नगरीय निकाय चुनावों में क्लीन स्वीप करेगी। प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह से नकार दिया है। यही कारण भी है कि कांग्रेस नगरीय निकायों के चुनाव में अपनी हार मान चुकी है और कांग्रेस, भाजपा से हर तैयारी में पीछे हो गई।

# भाजपा का आज राजधानी में कार्यकर्ता सम्मेलन, सीएम भी रहेंगे मौजूद

रायपुर। प्रदेश का भाजपा संगठन शुक्रवार से नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलनों से आगाज कर रहा है। राजधानी रायपुर में बड़ा सम्मेलन किया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के साथ ही रायपुर के सांसद और विधायक मौजूद रहेंगे। भाजपा ने सभाओं से पहले सभी निकायों में कार्यकर्ता सम्मेलन करने का फैसला किया है। सम्मेलनों में प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक शामिल होंगे।

- हर नगरीय निकाय में लगातार होंगे सम्मेलन

भाजपा की किसी भी चुनाव से पहले हमेशा से ही कार्यकर्ता सम्मेलन करके अपने कार्यकर्ताओं को रीचार्ज करने की परंपरा रही है। इसी परंपरा के मुताबिक अब शुक्रवार से निकायों में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। ये तीन से चार दिनों तक चलेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री के साथ ही प्रदेश के नेताओं की सभाओं का दौर प्रारंभ होगा।

### इंडोर स्टेडियम में होगा सम्मेलन

रायपुर के नगर निगम चुनाव को लेकर राजधानी में बड़ा कार्यकर्ता सम्मेलन शुक्रवार को दोपहर दो बजे इंडोर स्डेडियम में आयोजित किया गया है। इसमें राजधानी के नगर निगम के कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में जहां मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रहेंगे, वहीं अध्यक्षता भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव करेंगे। इसी के साथ कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा, इंद्रकुमार साहू , प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव और संभाग के प्रभारी सौरभ सिंह विशेष अतिथि होंगे। कार्यक्रम में रायपुर की मेयर प्रत्याशी मीनल चौबे के साथ भी सभी पार्षद प्रत्याशी भी रहेंगे।

# विश्वदिनी पांडेय ने कहा- मैंने तो सालभर पहले ही पार्षद का चुनाव न लड़ने का फैसला कर लिया था



रायपुर। रायपुर मेयर प्रत्याशी की दावेदार रहीं विश्वदिनी पांडेय का साफ कहना है, मैंने तो पार्षद का चुनाव न लड़ने का फैसला सालभर पहले ही कर लिया था। मैंने कार्यकर्ताओं से साफ कह भी दिया था, मैं अगली बार वापस पार्षद का चुनाव नहीं लड़ूंगी। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मुझ जैसी कार्यकर्ता को भाजपा संगठन ने इतना बड़ा सम्मान दिया और मेरा नाम मेयर प्रत्याशी के दावेदारों में रहा। संगठन का फैसला हम कार्यकर्ताओं को हमेशा से स्वीकार रहता है। मीनल चौबे बहुत वरिष्ठ नेता हैं। वह हमारी बड़ी बहन हैं उनको जीत दिलाने के लिए हम सब मिलकर मेहनत करेंगे। राजधानी के नगर निगम का आरक्षण सामान्य महिला के लिए होने के बाद भाजपा में इसके लिए दावेदारों के तौर पर जिनका नाम सामने आया, उनमें एक अहम नाम पार्षद विश्वदिनी पांडेय का भी था। अंत में भाजपा के प्रदेश और राष्ट्रीय संगठन ने मीनल चौबे को मेयर का प्रत्याशी बनाया। विश्वदिनी पांडेय के सामने पार्षद प्रत्याशी बनने का विकल्प रखा गया था, लेकिन उन्होंने खुद से ही मना करते हुए कहा, मैंने पहले ही अपने कार्यकर्ताओं को फिर से पार्षद का चुनाव न लड़ने का वादा किया है, इसलिए मैं पार्षद का चुनाव नहीं लड़ूंगी। विश्वदिनी पांडेय ने बताया उनके वार्ड से देवदत्त द्विवेदी को प्रत्याशी बनाया गया है। वे भी हमारे संघ परिवार के भाई हैं।

# मेयर चुनाव के लिए मोर्चा-प्रकोष्ठ को भी अहम जिम्मेदारी



रायपुर। रायपुर नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा नेता सक्रियता से जिम्मेदारियों का आबंटन कर रहे हैं, जिससे किसी भी क्षेत्र में किसी प्रकार की कमियां ना रहें। जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में सभी मोर्चा प्रकोष्ठ की आवश्यक बैठक बुलाई गई। महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जैसे सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसमें मेयर चुनाव के लिए इनको अहम जिम्मेदारी दी गई। एक के बाद एक मोर्चों की मैराथन बैठके भाजपा महापौर प्रत्याशी मिलन चौबे , विधायक राजेश मूणत, जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित अन्य नेताओं की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं से सभी समाज वर्गों तक सीधी पहुंच बनाने के लिए कहा गया। महिला मोर्चा की जिला एवं मंडल की नेत्रियों की बैठक में महिलाओं का दल बना कर घर घर पहुंचने की योजना बनाई गई, साथ ही चुनाव संबंधी उचित दिशा निर्देश दिए गए। महिला मोर्चा की सदस्य महतारी वंदन योजना और उज्ज्वला योजना जैसी महती योजनाओं के साथ महिलाओं के बीच पहुंचेंगी। युवा मोर्चा की बैठक में विधायक राजेश मूणत ने युवाओं को महापौर चुनाव में अपनी भूमिका तय करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा तरुनाई का हर चुनाव में महत्वपूर्ण योगदान होता है। चुनावी प्रचार का माहौल बनाना युवाओं को आकर्षित करने विभिन्न स्थानों पर जाकर युवाओं से सरकार की योजनाओं के साथ संवाद स्थापित करना है।

# कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द बैज बोले- सत्ता का किया दुरुपयोग

**धमतरी महापौर प्रत्याशी का नामांकन निरस्त करने सीएम हाउस से गया फोन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

धमतरी के कांग्रेस महापौर प्रत्याशी का नामांकन रद्द होने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने भाजपा पर सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने से रोकने भाजपा कई तरह के हथकंडे अपना रही है। कांग्रेस इससे डरने वाली नहीं है। कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ पार्टी पूरी मजबूती से खड़ी है। मामले को लेकर कोर्ट जाएंगे। न्यायालय पर पूरा भरोसा है, फैसला हमारे पक्ष में आएगा। नए प्रत्याशी के ऐलान पर उन्होंने कहा, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट और वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा कर आगे की रणनीति तय करेंगे।

उन्होंने कहा कि जिस विचारधारा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या की थी, उसी विचारधारा ने एक बार फिर से 30 जनवरी को धमतरी में लोकतंत्र की हत्या की। स्थानीय निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस के प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए तमाम तरीके का षड़यंत्र किया जा रहा है। धमतरी में कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी विजय गोलछा का नामांकन षड़यंत्रपूर्वक मुख्यमंत्री के निर्देश पर रद्द कर दिया गया। उन्होंने कहा, श्री गोलछा के नामांकन पर आपत्ति आने के बाद कल ही रात को मुख्यमंत्री ने धमतरी कलेक्टर को निर्देश दिया कि आपत्ति को स्वीकार कर नामांकन रद्द कर दिया जाए। वे नगर निगम धमतरी के पंजीकृत ठेकेदार नहीं हैं। वे पीडब्ल्यूडी में पंजीकृत ठेकेदार हैं तथा उन्होंने धमतरी निगम में वर्ष 2023 में काम लिया था, जो समय पूरा हो चुका था। उसकी एनओसी भी उन्होंने निगम से लिया था। धमतरी कलेक्टर ने अवैधानिक तरीके से उनका नामांकन निरस्त किया है।



### धमतरी कलेक्टर को तत्काल हटाए आयोग

उन्होंने कहा, 29 जनवरी को रात का धमतरी कलेक्टर के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल सार्वजनिक की जाए। स्पष्ट हो जाएगा कि मुख्यमंत्री निवास से उनको फोन गया था या नहीं। धमतरी कलेक्टर भाजपा के एजेंट की भांति काम कर रहे हैं। हम निर्वाचन आयोग से मांग करते हैं कि धमतरी कलेक्टर को तत्काल हटाया जाए। धमतरी के अलावा दंतेवाड़ा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग में हमारे वार्ड प्रत्याशियों के नामांकन भी सरकार ने दबावपूर्वक निरस्त कराए।

### चुनाव नहीं कराना चाहती थी सरकार

भाजपा स्थानीय निकाय चुनाव कराना ही नहीं चाहती थी। पहले अध्यादेश लाकर चुनाव में विलंब करने की साजिश की, फिर चुनाव 6 महीने बढ़ाने विधेयक लाकर कानून बनाया गया। जब जनता का दबाव पड़ा तो चुनाव की घोषणा की गई, लेकिन अभी भी सरकार हार के डर से विरोधी दल के उम्मीदवार को चुनाव लड़ने से रोक रही है।

### विधानी का जातिप्रमाण पत्र अवैध तरीके से स्वीकार किया

बिलासपुर की भाजपा महापौर प्रत्याशी पूजा विधानी तेलुगु समाज से आती हैं। नामांकन पत्र में उन्होंने खुद को उड़िया बताया है। पूजा विधानी का असली नाम एल. पद्मजा है, अशोक विधानी से शादी के बाद उनका नाम पूजा विधानी पड़ा।

# जिला अध्यक्षों को कांग्रेस के बागी प्रत्याशियों को मनाने का जिम्मा

0 आज दोपहर 3 बजे तक जमा होंगे बी फार्म

हरिभूमि न्यूजः रायपुर। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस के कई बागी प्रत्याशी मैदान पर उतरे हैं। पार्टी द्वारा उन्हें मनाने के लिए जिला अध्यक्षों और वहां के वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला अध्यक्षों ने इस संबंध में ऐसे लोगों की जानकारी लेकर उनसे संपर्क कर उन्हें नाम वापसी के दिन तक अपना नामांकन वापस लेने कहा गया है।

पार्टी ने जिन अधिकृत प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने के लिए अधिकृत किया है, उनका सहयोग करने की अपील की है। राजधानी रायपुर सहित बिलासपुर संभाग के अधिकतर नगरीय निकायों में यह स्थिति देखने में आ रही है। जो लोग नामांकन वापस नहीं लेंगे, उन पर पार्टी एक्शन लेगी। कांग्रेस ने पंचायत चुनाव के समन्वय के लिए जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में एक कमेटी गठित की है, जो पार्टी समर्थित प्रत्याशियों के साथ मिलकर चुनाव जीतने की रणनीति पर काम करेगी। बताया गया है कि निकाय चुनाव का नामांकन पूरा होने के बाद अब बागी प्रत्याशियों से कल तक नाम वापस लेकर पार्टी के समर्थन में चुनाव मैदान से हटें।

**आज जमा होंगे बी फार्म**

कांगेस पार्टी ने निकाय चुनाव के लिए अधिकृत प्रत्याशियों की सूची जारी की थी। उन सभी के बी फार्म जमा करने जिला कांग्रेस को अधिकृत किया गया है। प्रत्याशियों के बी फार्म 31 जनवरी को दोपहर 3 बजे तक उप जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष जमा करने होंगे। बी फार्म जमा होने पर ही उन्हें पार्टी का चुनाव चिन्ह दिया जाएगा।

# चारों ब्लॉक में 6830 पंच, 935 सरपंच, जनपद पंचायत के 179 एवं जिला पंचायत के 35 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया जारी है। जिले के चारों विकासखंड धरसींवा, तिल्दा, अभनपुर एवं आरंग में गुरुवार तक की स्थिति में सरपंच पद के लिए 935 एवं पंच पद के 6830 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए हैं। इसके अलावा जनपद पंचायत सदस्य के लिए 179 एवं जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 35 प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म भरे हैं। चारों विकासखंडों में सर्वाधिक आरंग विकासखंड के ग्रामों में सरपंच, पंच एवं जनपद पंचायत सदस्य पद के लिए नामांकन दाखिल किए गए हैं।

### नामांकन 3 तक, नाम वापसी 6 को

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए सरपंच, पंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य पद के लिए नामांकन 3 फरवरी तक भरे जाएंगे। 4 फरवरी को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी तथा प्रत्याशी चुनाव से अपना नाम वापस 6 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक ले सकेंगे।




**विकासखंडवार नामांकन की स्थिति**

| | सरपंच | पंच | जनपद सदस्य |
|---|---|---|---|
| धरसींवा | 1281 | 178 | 35 |
| तिल्दा | 1718 | 255 | 43 |
| अभनपुर | 1557 | 188 | 40 |
| आरंग | 2274 | 314 | 61 |

**चुनावी हलचल**

# ममता सोनू तिवारी को मिला वार्डवासियों का समर्थन

रायपुर। नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा ने वार्ड क्रमांक 67 भक्त माता कर्मा वार्ड से महिला उम्मीदवार ममता सोनू तिवारी को प्रत्याशी बनाया है। इसकी घोषणा पश्चात वार्ड मे भाजपा समर्थक एवं वार्डवासी खासे उत्साहित दिखे। खासकर महिलाओं के बीच अत्यधिक प्रसन्नता देखी गई। पार्षद प्रत्याशियों के नामों की घोषणा होते ही समस्त वार्डवासी उनके निवास पहुंचे और उन्हें बधाई देने लगे। इस अवसर पर उनके निवास स्थान मुस्कान रेसिडेंसी में उल्लास का माहौल बना रहा, लोग फूलमाला लेकर उनको बधाई देने पहुंचते रहे। पूरे दिन घर में लोगों का आगमन होता रहा। इस अवसर पर वार्ड के वरिष्ठजनों के अलावा पार्टी समर्थक भी यहां देखे गए। श्रीमती तिवारी ने पूर्व में विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाई थी और इस बात को सुनिश्चित किया कि वार्ड से भाजपा को निर्णायक बढ़त मिले। इसी प्रयास को देखते हुए पार्टी संगठन एवं वरिष्ठ नेताओं ने पार्षद पद के लिए टिकट देकर परिश्रम का फल उन्हें दिया है, जिसके लिए उन्होंने सभी वरिष्ठों का आभार प्रकट किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि एक बार पुनः हमें एक होकर चुनाव में सघन



मेहनत कर पूरी लगन से पार्टी को जीत दिलाकर पार्षद ही नहीं, महापौर पद पर भी भाजपा को जितवाकर रायपुर को विकास पथ पर लाना है।

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री से की मुलाकात, दिया न्योता

रायपुर। जीतो रायपुर चैप्टर द्वारा आगामी 8 मार्च 2025 को आयोजित प्रेरणादायक टॉक शो के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट कर उन्हें औपचारिक आमंत्रण दिया गया। मुख्यमंत्री ने इस आयोजन में अपनी उपस्थिति के लिए सहमति प्रदान की। जल्द ही कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा साझा की जाएगी। मुलाकात के दौरान चैप्टर चेयरमैन तिलोकचंद बरड़िया, लेडीज चेयरपर्सन रश्मि जैन, तनु लोढ़ा, शोभा श्रीश्रीमाल, रिचा, इंदु, फाउंडर चीफ पैट्रन अभय भंसाली, पूर्व चेयरपर्सन कीर्ति जैन, वाइस चेयरमैन निलेश जैन, सेक्रेटरी अंकुश गोलेच्छा, कोषाध्यक्ष नरेश नाहर, विपुल सेठिया, श्रेयांश दसानी एवं राकेश नवलखा भी उपस्थित रहे।

### रोड सेफ्टी विषय पर कार्टून प्रतियोगिता, आवेदन की अंतिम तिथि 5 तक

रायपुर। यातायात सप्ताह के अवसर पर देश की एकमात्र कार्टून वॉच पत्रिका द्वारा अखिल भारतीय सकारात्मक कार्टून प्रतियोगिता की शुरुआत की जा रही है। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग और रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन (राडा ) के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। पत्रिका के संपादक त्र्यम्बक शर्मा ने बताया कि रोड सेफ्टीः हेलमेट पहनें और सीट बेल्ट लगाएं, विषय पर देशभर के कार्टूनिस्टों से निवेदन किया गया है कि वे अपनी कला के माध्यम से अपनी भावना व्यक्त करें। इस प्रतियोगिता में कोई भी उम्र का व्यक्ति अपनी प्रविष्टि भेज सकता है। यह निशुल्क है। श्री शर्मा ने आगे बताया कि 5 फ़रवरी की शाम 5 बजे तक ही प्रविष्टियां स्वीकार की जाएंगी और उन्हें इस ईमेल आईडी पर भेजना होगा। उन्होंने बताया कि इस बार भी नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 25 हजार, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार, तृतीय पुरस्कार 10 हजार और 2 हजार के विशेष 10 पुरस्कार। उल्लेखनीय है कि कार्टून वॉच पत्रिका समय-समय पर ऐसे आयोजन करती रहती है और हाल ही में यह पत्रिका अपने प्रकाशन के 29वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है।

# सरकारी विभागों को भी लगेगा 'स्मार्ट' करंट, आने वाले समय में रीचार्ज कराने पर ही मिलेगी बिजली


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के सरकारी विभागों को अब बहुत जल्द स्मार्ट करंट लगने वाला है। सरकारी विभाग राज्य बनने के बाद से ही बिजली बिल जमा करने को लेकर गंभीर नहीं रहे। हमेशा से सरकारी विभाग पर करोड़ों का बकाया रहता आया है। इस समय भी सरकारी विभागों पर 22 सौ करोड़ से ज्यादा बकाया है, लेकिन अब स्मार्ट मीटर लग गए हैं तो आने वाले समय में इन कनेक्शन के प्रीपैड होने पर सरकारी विभागों को रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी। प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। ज्यादातर सरकारी विभागों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। साथ ही आम उपभोक्ताओं के घरों, दुकानों, संस्थानों के मीटर भी बदले जा रहे हैं। प्रदेश में इस समय आठ लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। लगातार यह काम हो रहा है। शुरुआत में कनेक्शन पोस्टपैड है, लेकिन अब संभावना है कि इस साल सभी कनेक्शन प्रीपैड कर दिए जाएंगे। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी तैयारी भी कर रही है। बिजली नियामक आयोग को कनेक्शन प्रीपैड करने का प्रस्ताव भेजा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने पर कनेक्शन प्रीपैड किए जाएंगे। इसके बाद पहले रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी।

## सरकारी विभागों पर 22 सौ करोड़ से ज्यादा का है बकाया

### सरकारी विभागों 22 सौ करोड़ से ज्यादा

प्रदेश में आम उपभोक्ता पर थोड़ा-सा बकाया होने पर उनकी बिजली कट करने पॉवर कंपनी के कर्मचारी पहुंच जाते हैं। इस समय भी आम उपभोक्ताओं के बकाया को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिनका बिल ज्यादा बकाया है, उनसे वसूली करने के लिए कनेक्शन भी कट किए जा रहे हैं, लेकिन सरकारी विभागों की बिजली कभी कट नहीं की जाती है। यही वजह है कि सरकारी विभाग हमेशा से बेलगाम रहे हैं। ये बिल ही जमा नहीं करते। अंत में पॉवर कंपनी को प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर विभागीय बजट से ही बिलों का भुगतान लेना पड़ता है। इस समय सरकारी विभागों में सबसे बड़ा बकाया नगरीय प्रशासन विभाग पर है। इस पर 13 सौ करोड़ से ज्यादा का बकाया है। इसी के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर भी बड़ा बकाया है। प्रदेश के स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य, गृह विभाग सहित ज्यादातर विभागों पर बकाया है।



### केंद्र सरकार से मिलने वाली मदद पर लग सकता है करंट


केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना में पॉवर कंपनी को बहुत मदद मिलती है। इसके लिए यह नियम है कि अगर राज्य सरकार पर पॉवर कंपनी का बकाया रहता है तो इस योजना से मिलने वाली मदद को रोक दिया जाता है। हर वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार पर बकाया समाप्त होना जरूरी है। यही वजह है कि पॉवर कंपनी परेशान है कि अगर राज्य सरकार से बकाया नहीं मिला तो केंद्र सरकार से मिलने वाली मदद रुक जाएगी। इसलिए नगरीय निकाय विभाग सहित अन्य विभागों से पॉवर कंपनी ने बकाया देने के लिए आग्रह किया है।

## कलेक्टोरेट की नई कम्पोजिट बिल्डिंग का होना है निर्माण

# निर्माण में बाधा बने एसपी भवन के लिए मिली जगह, चुनाव के बाद होगा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टोरेट की नई पांच मंजिल कम्पोजिट बिल्डिंग के निर्माण में बाधा बने एसपी कार्यालय को शिफ्ट करने के लिए पुराने भवन की तलाश खत्म हो गई। एसपी भवन कार्यालय को कबीर चौक स्थित शासकीय बंगले में शिफ्ट किया जाएगा। यह बंगला कांग्रेस शासनकाल के कार्यकाल में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम को अलॉट किया गया था। सरकार बदलने के बाद से बंगला खाली पड़ा हुआ है। एसपी भवन के कार्यालय को अब इसी बंगले में शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। एसपी भवन की शिफ्टिंग के बाद कलेक्टोरेट में प्रस्तावित कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी शुरू हो पाएगा। इससे पहले एसपी भवन को तोड़ा जाएगा। हालांकि वर्तमान में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत के चुनाव हो रहे हैं। इस चुनाव के बाद ही एसपी कार्यालय को शिफ्ट करने से लेकर भवन को तोड़ने तथा नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू हो पाएंगे।




### एसपी भवन सहित कृषि विभाग व कैंटीन भवन भी टूटेगा

*नई कम्पोजिट बिल्डिंग को एसपी कार्यालय भवन की जगह पर बनाया जाएगा। इसके लिए एसपी भवन के अलावा कृषि विभाग और कैंटीन भवन को भी तोड़ा जाएगा।*

### मंजूरी मिल चुकी है, जल्द होगा शिफ्ट

कबीर चौक स्थित शासकीय भवन में एसपी भवन को शिफ्ट करने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है। शिफ्टिंग का काम जल्द किया जाएगा।
**- लालउम्मेद सिंह,** एसएसपी रायपुर

### एक ही बिल्डिंग में 54 विभागों के दफ्तर लगेंगे

*बताया जा रहा है कि कम्पोजिट बिल्डिंग में जिला प्रशासन के सभी 54 विभागों के कार्यालय खुलेंगे। कई विभागों के कार्यालय अलग-अलग जगह पर संचालित हैं। इसके कारण आम लोगों को इन कार्यालयों में आने-जाने में परेशानियां होती हैं, लेकिन एक ही बिल्डिंग में सभी विभागों के कार्यालय होने से लोगों को परेशानी भी कम होगी।*


### 29 करोड़ की लागत से बनेगी कम्पोजिट बिल्डिंग

*कलेक्टोरेट परिसर में प्रस्तावित पांच मंजिल कंपोजिट बिल्डिंग में जिला और पुलिस प्रशासन का संयुक्त कार्यालय होगा। 29 करोड़ 15 लाख 24 हजार रुपए की लागत से बिल्डिंग 2555 वर्गमीटर एरिया में बनाई जाएगी। इसमें जिला प्रशासन की 582.00 वर्गमीटर और पुलिस प्रशासन की बिल्डिंग 800 वर्गमीटर एरिया में बनेगी। इस तरह 134 वर्गमीटर एरिया में अफसरों के दफ्तर बनाए जाएंगे।*

### डेढ़ वर्ष बाद शिफ्टिंग के लिए मिला भवन

एसएसपी भवन को शिफ्ट करने के लिए पुराने भवन की तलाश पिछले डेढ़ वर्ष से की जा रही थी। पुलिस प्रशासन ने सबसे पहले जेल मुख्यालय स्थित बंद पड़े भवन को चिन्हांकित किया था, लेकिन किसी कारण से इस भवन को रिजेक्ट कर दिया गया। इसके बाद एसएसपी संतोष सिंह के कार्यकाल में प्रशासन की ओर से कटोरा तालाब स्थित पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के खाली पड़े सागोन बंगला को एसपी भवन को शिफ्ट करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। सूत्रों के अनुसार इस प्रस्ताव को शासन ने नामंजूर कर दिया। सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि सागोन बंगला को सी-मार्ट के लिए आबंटित किया गया है। हालांकि अधिकारिक स्तर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है। इसके बाद एसएसपी भवन के लिए कबीर चौक स्थित शासकीय बंगला को स्वीकृति दी गई है।

# मरीन ड्राइव के पास संचालित कैफे से बीफ अचार जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मोमिन पारा में गो-मांस बेचे जाने की घटना के बाद मरीन ड्राइव से पास संचालित एक कैफे में बीफ अचार बेचे जाने का मामला सामने आया है। गो-सेवा समिति से जुड़े लोगों की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने कैफे से पांच डिब्बा बीफ अचार जब्त किया है। इसके साथ ही पुलिस ने फ्रीज से एक मांस का लोथड़ा जब्त किया है। जब्त बीफ अचार तथा मांस के लोथड़े को पुलिस खाद्य एवं औषधीय प्रशासन के लैब में चेक कराने के बाद गो-मांस की पुष्टि होने पर वैधानिक कार्रवाई करेगी।

पुलिस ने नार्थ-ईस्ट फूड कोर्ट से बीफ अचार तथा मांस का लोथड़ा जब्त किया है। पुलिस ने जो बीफ अचार जब्त किया है, वह इंडियन मेड न होकर विदेश से निर्मित होना अचार पाया गया है। पुलिस ने फूड कोर्ट के संचालक से इस संबंध में पूछताछ की, तो उसका कहना है कि उसने अपने स्वयं तथा अन्य लोगों की मांग के आधार पर सीमित मात्रा में बीफ अचार मंगाया है।

### बोर्ड में लिखा है नेचुरल फूड

पुलिस ने जिस फूड कोर्ट में बीफ अचार जब्त किया है, उस फूड कोर्ट के काउंटर में नेचुरल फूड का बोर्ड लगा है। ऐसे में गो-सेवकों ने फूड कोर्ट संचालक पर शाकाहारी लोगों को अंधेरे में रख कर प्रतिबंधित मांस बिक्री करने का आरोप लगाया है। गो-सेवकों ने कैफे संचालक पर बीफ अचार के नाम पर गो-मांस बिक्री करने का आरोप लगाया है। जांच रिपोर्ट में बीफ अचार के गो-मांस की पुष्टि होने के बाद कैफे संचालक के खिलाफ पशु अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की बात पुलिस कह रही है।

# विद्युत मंडल अभियंता संघ की बैठक में समस्याओं पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डगनिया स्थित अभियंता संघ कार्यालय में गुरुवार को छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल अभियंता संघ के रायपुर सेंट्रल एवं रायपुर क्षेत्र की संयुक्त क्षेत्रीय बैठक हुई, जिसमें तीनों विद्युत कंपनियों, वितरण, उत्पादन एवं डिस्ट्रीब्यूशन के अंभियंताओं में एकता, सुरक्षा और उन्नति के साथ-साथ मिनी पॉवर की उन्नति का संकल्प लिया गया। बैठक के दौरान तीनों कंपनी के अभियंताओं द्वारा बारी-बारी से अपनी समस्याएं और विचार व्यक्त किए गए, जिसमें अभियंता संघ ने विद्युत कंपनी के मैनेजमेंट से चर्चा कर समाधान करने का आश्वासन दिया। साथ ही 22 फरवरी को अभियंत संघ की सभा का आयोजन मड़वा में आहूत की गई है, जिसकी तीनों कंपनी के प्रबंध निदेशक को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का निर्णय लिया। साथ ही अप्रैल के प्रथम सप्ताह में रायपुर शहर में आमसभा आहूत की गई है, आगामी तैयारी 22 फरवरी को मड़वा में अंतिम रूप दिया जाएगा। सभा को अध्यक्ष, महासचिव के अलावा नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा संबोधित करते हुए संघ की एकता एवं विकास पर जोर दिया।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में राजेश पांडेय, मनोज वर्मा, शशांक श्रीवास्तव आदि सहित कार्यकारिणी सदस्यों एवं तीनों कंपनी के उपस्थित अभियंताओं द्वारा सर्वसम्मति से निर्विरोध जेएस नेताम कार्यपालक निर्देशक रायपुर को सेंट्रल रीजन का अध्यक्ष, श्री सोनी को सचिव तथा एम. जामूलकर मुख्य अभियंता शहर क्षेत्र को रायपुर क्षेत्रीय का अध्यक्ष व डीके वर्मा कार्यापालन यंत्री रायपुर को सचिव पद पर चयनित किया गया।

## पेज 11 के शेष

### रोहिंग्या का समाधान...

लेकर आई। पुलिस लाइन में लाए गए लोगों का आधार कार्ड वेरिफिकेशन करने के साथ उनके अन्य दस्तावेजों की जांच की। जिन लोगों के दस्तावेज सही थे, उन्हें वापस उनकी जगह ले जाकर छोड़ा गया। बताया गया है कि तकरीबन सवा दौ सौ के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। पुलिस को जिले में बड़ी संख्या में रोहिंग्या के आने की सूचना मिली थी। इसके साथ ही बाहरी प्रदेश से कमाने आए ऐसे लोग जिन लोगों ने थाने में अपनी आमद दर्ज नहीं कराई है, उनके द्वारा अपराध किए जाने की शिकायतें पुलिस को मिल रही थीं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए आईजी अमरेश मिश्रा तथा एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर पुलिस ने सभी थाना क्षेत्रों में दूसरे प्रदेश से आकर रहने वाले लोगों की पहचान कर उनकी तस्दीक करने पुलिस लाइन लेकर पहुंची।

महज पांच प्रतिशत ने दी थी जानकारी

पुलिस जिन लोगों को वेरिफिकेशन के लिए लेकर आई थी, उनमें से 95 प्रतिशत लोगों के यहां होने की जानकारी पुलिस के पास नहीं थी। पुलिस ने जिन दूसरे प्रदेश के लोगों की सूची तैयार की है, उनका एसएस रोल जारी कर अपराधिक रिकार्ड की जानकारी जुटाने संबंधित राज्यों की पुलिस के पास जानकारी जुटाने की बात पुलिस कह रही है।

### पीएससी के घोटालेबाज...

के साथ उनकी पुरानी पहचान है। बातचीत में अंजना तथा अन्य ने देवेंद्र को बताया था कि वे फूड इंस्पेक्टर की भर्ती के लिए परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। इस पर देवेंद्र ने अंजना तथा अन्य से कहा कि खाद्य विभाग के अफसरों के साथ उनकी पहचान है। वह उनकी नौकरी लगवा सकता है। नौकरी लगवाने के एवज में देवेंद्र ने सभी से 25-25 लाख रुपए की मांग की। झांसे में आकर अंजना तथा अन्य ने देवेंद्र तथा उनकी पत्नी को कैश के साथ ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कर दिए।

चार साल भटकने के बाद रिपोर्ट

ठगी के शिकार लोगों ने पुलिस को बताया है कि नौकरी नहीं लगने पर उन लोगों ने देवेंद्र से पैसे वापसी के लिए दबाव बनाया, तो देवेंद्र ने उन्हें अलग-अलग तरह का झांसा देकर चार साल तक घुमाता रहा। पैसा नहीं मिलने की स्थिति में उन लोगों ने घटना की शिकायत पिछले माह दिसंबर में सिविल लाइंस थाने में की। घटना वर्ष 2021-22 की है।

बहन के पैसों से बनवाया है मकान

पड़ताल में यह बात सामने आई है कि देवेंद्र की दीदी डॉ. पद्मिनी जोशी ने अपने भाई के नाम से राजेंद्र नगर में जमीन खरीदी थी। खरीदी गई जमीन पर देवेंद्र की दीदी ने मकान बनवाया। कुछ समय तक देवेंद्र की दीदी, जीजाजी भी उसी मकान में रहे। बाद में किसी बात को लेकर देवेंद्र का अपनी दीदी तथा जीजाजी के साथ विवाद हो गया। उसके बाद देवेंद्र ने उन लोगों को अपने मकान से निकाल दिया।

ठगी की रकम बेटी के अकाउंट में ट्रांसफर

पुलिस जांच में यह बात भी सामने आई है कि देवेंद्र ने जिन लोगों के साथ ठगी की है, उनमें से साढ़े तीन लाख रुपए उसकी पुणे में रह रही बेटी के अकाउंट में ट्रांसफर किया गया है। पूछताछ में देवेंद्र ने पुलिस को बताया है कि ठगी की घटना में एक खाद्य विभाग का अफसर शामिल है। ठगी की घटना में जिस खाद्य अधिकारी के शामिल होने की बात सामने आई है, पुलिस ने उससे पूछताछ करने के बाद कार्रवाई करने की बात कही।

### पेशे से सिविल...

काम नहीं करता। वह जिस मकान में रहता है, वहां कुछ लोगों को अपने मकान का कुछ हिस्सा किराए पर दिया। किराए से मिलने वाली राशि से देवेंद्र के घर खर्च चलने की बात सामने आई है।

### राजधानी सहित सभी बड़े...

ठंड का भी अहसास लोगों को नहीं होगा। फरवरी के प्रथम सप्ताह में गर्मी लोगों को सताएगी। शुरुआती दिनों के बाद 5 व 6 फरवरी को आसमान में हल्के बादल छाए रहने की संभावना है। इस दौरान तापमान में कमी आएगी। फरवरी के दूसरे सप्ताह से तापमान में वृद्धि पुनः प्रारंभ हो जाएगी।

**ऐसा है मुख्य क्षेत्रों का पारा**

बिलासपुर-32.2 डिग्री, पेंड्रारोड-32 डिग्री, अंबिकापुर-29.6 डिग्री, जगदलपुर-28.9 डिग्री, दुर्ग-33.2 डिग्री और राजनांदगांव में33 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया है। ना सिर्फ राजधानी बल्कि प्रदेश के लगभग सभी क्षेत्रों में लोग हल्की गर्मी का सामना कर रहे हैं। दोपहर में पंखे चलाए जा रहे हैं। फरवरी अंत तक तापमान 35 डिग्री के आसपास ही रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बीच-बीच में तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर चलता रहेगा। इसके पूर्व 30 जनवरी को प्रदेश का मौसम पूर्णतः शुष्क रहा। प्रदेश में कही भी वर्षा दर्ज नहीं हुई।


### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार स्व. समयलाल, श्री विष्णु, गिरधर भुलऊ, कोमलचंद, डेहरिन बाई, ताराबाई व तोरण बाई सभी के पिता स्व. अंजारे सिंग सभी निवासी ग्राम व पोस्ट सेजबहार, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के संयुक्त परिवार की कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम— सेजबहार, प.ह.नं. 82, रा.नि.म. 18 कांदुल, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. – 370/1 रकबा 0.0160 हे., ख.नं. -371 रकबा 0.0770 हे., ख.नं.464/2 रकबा - 0.1010 हे., ख.नं. 464/3 रकबा 1.7400 हे. शामिल 465, ख.नं. 464/4 रकबा 0.1460 हे. कुल खसरा नं. – 05 कुल रकबा 2.0800 हेक्टेयर है।

इस आम सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्ति संयुक्त स्वामित्व की संपत्ति है, इसमें बटवारे की कार्यवाही शेष है, जब तक बटवारे की कार्यवाही पूर्ण नहीं हो जाती है, तब तक कोई भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय, बार्ड प्राधिकरण आदि क्रय-विक्रय, रहन-गहन, बय बख्शीस आदि का संव्यवहार न करे, यदि कोई उक्त संपत्ति / भूमि के संबंध में क्रय-विक्रय, संव्यवहार आदि करता है तो वह अवैध व शून्य माना व समझा जावेगा, तथा मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नहीं रहेंगे, तथा मेरा पक्षकारगण ऐसा कोई संव्यवहार करने वाले के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही करेंगे, जिसके समस्त हर्जे व खर्चे की जवाबदारी क्रय-विक्रय करने वाले की होगी। सो सूचना जाने।

दिनांक 30/01/2025
भवदीय
छबिराम साहू (नोटरी/अधिवक्ता)
सिविल कोर्ट उपरवारा, सेक्टर - 34,
नवा रायपुर (छ.ग.)
मो. 90096-31623

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, रायपुर छ.ग.
### // शपथपत्र //

मैं नेत्रानंद तांडी, उम्र 43 वर्ष, पिता-श्री मुनीम तांडी, निवासी-ग्राम बोरफा, पोस्ट-डुमोरिया पुलिस थाना-केगांवबोड्डा, जिला-कालाहाण्डी, उड़िसा-766036 का हूँ, जो शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ:-

01. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
02. यह कि, मेरे आधार कार्ड क्रमांक-9817 9144 3914 में मेरा नाम नेत्रा हरिजन, पिता-मुनीम हरिजन दर्ज है।
03. यह कि, मेरा सही नाम **नेत्रानंद तांडी, पिता-मुनीम तांडी** है जो कि सत्य एवं सही है।
04. यह कि, मेरे उक्त आधार कार्ड में मेरा नाम नेत्रा हरिजन, पिता-मुनीम हरिजन की जगह नेत्रानंद तांडी, पिता-मुनीम तांडी दर्ज किया जावे।
05. यह कि, यह शपथपत्र मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम नेत्रा हरिजन, पिता-मुनीम हरिजन को जगह नेत्रानंद तांडी, पिता-मुनीम तांडी दर्ज किये जाने के संदर्भ में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**सत्यापनः** मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र की कंडिका 1 से 5 तक में वर्णित समस्त कथन मेरी निजी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक को स्थान रायपुर छ.ग. में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 29/04/2019 शपथकर्ता
नेत्रानंद तांडी

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1055 दिनांक 13.02.2024 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- पी3ए-733 को श्रीमती सेजल खान पति श्री शब्बीर खान एवं श्री शब्बीर खान पिता श्री जमालुद्दीन खान के नाम पर नामान्तरण किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 28.07.2023 को विक्रय विलेख (रजिस्ट्री ) का निष्पादन करा लिया गया है। वर्तमान में श्रीमती सेजल खान पति श्री शब्बीर खान एवं श्री शब्बीर खान पिता श्री जमालुद्दीन खान निवासीः- एम.आई.जी.- 39/304, सेक्टर-29, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती लता वर्मा पति श्री मनोज कुमार वर्मा निवासीः- मकान नं. पी2ए-258, पंजाब नेशनल बैंक के पास, सेक्टर-27, नवागांव- 1, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर- 27 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- पी3ए-733 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,
नवा रायपुर, अटल नगर

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- एच.आई.जी.- 11/449 को श्री देवेन्द्र कुमार वर्मा पिता श्री एम. एल. वर्मा एवं श्रीमती पुष्पलता वर्मा पति श्री देवेन्द्र कुमार वर्मा पताः- एन.एस.पी.सी.एल. टाउनसिप रुआबांधा, सिविक सेन्टर भिलाई, तहसील व जिला- दुर्ग (छ.ग.) के नाम पर स्ववितीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से रजिस्ट्री की कार्यवाही पूर्ण कर लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है । श्रीमती पुष्पलता वर्मा पति श्री देवेन्द्र कुमार वर्मा की मृत्यु दिनांक 24.04.2022 को हो गयी है। श्री देवेन्द्र कुमार वर्मा पिता श्री एम. एल. वर्मा ने अपने पत्नि श्रीमती पुष्पलता वर्मा की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर यथावत रखने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन को श्री देवेन्द्र कुमार वर्मा पिता श्री एम. एल. वर्मा के नाम पर यथावत रखने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,
नवा रायपुर, अटल नगर

### आम सूचना

**वाके मौजा माना, प.ह.नं. 116/56, खसरा नं. 93/11, 12 रकबा 1.416 हे., खसरा नंबर 93/2 रकबा 1.630 हे. खसरा नंबर 93/54 रकबा 1.635 हे., तथा ग्राम धरेली, प.ह.नं. 117/53, रा.नि.मं. रायपुर-1, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नंबर 250/5 रकबा 0.154 हे. पैतृक कृषि भूमि के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण क्रमशः 1. श्रीमती राम्हीन बाई साहू, 2. श्रीमती रंभा बाई साहू, 3. श्रीमती रेवती बाई साहू सभी आत्मज स्व. पंचम साहू एवं माता श्रीमती कुवंरिया बाई साहू जौजे पंचराम साहू के स्वत्व एवं आधिपत्य में उपरोक्त उल्लेखित पैतृक कृषि भूमि धारित की जाती है। उक्त संबंध में निम्नानुसार आम सूचना जारी की जाती हैः-

1. यह कि, मेरे उपरोक्त पक्षकारगण के पिता स्व. पंचम साहू वल्द मानसिंह साहू एवं माता श्रीमती कुवंरिया बाई साहू के नाम से राजस्व अभिलेखो में नाम दर्ज था, चूंकि मेरे पक्षकारगण के पिता स्व. पंचम साहू एवं स्व. कुंवरिया बाई साहू की मृत्यु हो चुकी है। जिसका नाजायज फायदा उठाकर उक्त उपर उल्लेखित पैतृक कृषि भूमि को महेत्तरू राम साहू एवं सहेत्तरू राम साहू दोनो निवासी ग्राम धनेली (भाटागांव), थाना-माना, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छल कपट व प्रपंच कर मेरे उक्त पक्षकारगण के बगैर जानकारी के अपना नाम कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अपने आपको मृत भूमिस्वामी का विधिक वारिसान-उत्तराधिकारी बतलाकर राजस्व अभिलेखो मे छल-कपटपूर्वक अवैधानिक रूप से नाम दर्ज करवा लिये है।
2. यह कि, उक्त कपटपूर्वक अवैधानिक रूप से राजस्व अभिलेखो में दर्ज नाम को विलोपित करने हेतु मेरे पक्षकारगण ने माननीय नवमदश व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी रायपुर छ.ग. के समक्ष व्यवहार वाद क्र. 413-अ/2023 संस्थित दिनांक 23/09/2023 दावा वास्ते स्वत्व घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा बाबत उक्त उल्लेखित प्रतिवादीगण के विरूद्ध वाद प्रस्तुत किया गया है जो कि न्याय प्रविष्ठ विचाराधीन है।
3. यह कि, प्रतिवादीगण क्रमशः मेहत्तरू साहू एवं सहेत्तरू साहू द्वारा छलकपट व अवैधानिक रूप से राजस्व अभिलेखो में दर्ज नाम के आधार पर दिनांक 04/01/2012 को सांई कृपा ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड डॉयरेक्टर अमित हरचंदानी वल्द नरेंद्र हरचंदानी, अनुपम नगर, शंकर नगर, रायपुर वाले को खसरा न. 93/1, 93/5, 93/7, 93/4, 93/6, 93/8 कुल रकबा 2.832 हे. भूमि को अवैध रूप से बिना अधिकारिता के विक्रय कर दिया है जिस संबंध में मेरे पक्षकारगण द्वारा उक्त क्रेता के विरूद्ध भी माननीय न्यायालय के समक्ष पक्षकार बनाकर प्रकरण प्रस्तुत किया है।
4. यह कि, मेरे पक्षकारगण विश्वस्थ सूत्रो से ज्ञात हुआ है उक्त उल्लेखित वादग्रस्त पैतृक कृषि भूमि को अफरा तफरी कर प्रतिवादीगण मेहत्तरू साहू एवं सहेत्तरू साहू द्वारा वास्तविक तथ्यों को आम जनता व भावी क्रेता को जानकारी दिये बगैर उक्त वादग्रस्त पैतृक कृषि भूमि को विक्रय विनिमय एवं अन्य रीति से अवैध अंतरण संव्यवहार करने का दुष्प्रयास किया जा रहा है।

अतः आम व खास, बैंक, साहूकार, समिति, संस्था, निकाय को ताकिद व सूचित किया जाता है कि उक्त उल्लेखित वादग्रस्त भूमि संपत्ति का क्रय विक्रय विनिमय व अन्य किसी रीति से उक्त उल्लेखित व्यक्तियों प्रतिवादीगण क्रमशः मेहत्तरू राम साहू, सहेत्तरू राम साहू ग्राम धनेली एवं सांई कृपा ट्रेडिंग प्राईवेट लिमिटेड डॉयरेक्टर अमित हरचंदानी वल्द नरेन्द्र हरचंदानी, अनुपम नगर, शंकर नगर, रायपुर से नही करें, यदि उक्त आम सूचना प्रकाशन के पश्चात कोई व्यक्ति, संस्था उक्त संपत्ति बाबत, क्रय, विक्रय अंतरण संव्यवहार करता है तो उसे कोई विधिक स्वत्व आधिपत्य प्राप्त नहीं होगा एवं उक्तानुसार संव्यवहार मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नहीं होगा।

भवदीय
विश्वनाथ कर, (अधिवक्ता)
जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर छ.ग.
निवास/कार्या. शीतला मंदिर, बाजार चौक, डंगनिया, रायपुर जिला रायपुर छ.ग
मो.नं.- 9229933692, 9669992444



Health Town

K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

अब नई जगह ओम डेन्टल हॉस्पिटल
• दर्द रहित रूट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT) Painless • डेंटल इम्पलांट (Dental Implants)
• टेढ़े मेढ़े दांतो का इलाज (INVISALIGN) Clear Aligners द्वारा • दांतो की Scaling & Polishing
• दांतो की Bleaching • दांत दर्द और सेंसिटिविटी कैविटी और दांतों का सड़ना • मुंह के संक्रमण
• मसूड़ों की बीमारी • अक्ल दाढ़ निकालना • दांतों की सफाई • सभी प्रकार के दंत रोगों का इलाज
गंभीर देखभाल: मसूड़ों का गंभीर संक्रमण, ओरल कैंसर, डेंटल एब्सेस, टीएमजे समस्या, टूटे या फंसे दांत
117, मेन रोड समता कालोनी, पंजाब नेशनल बैंक के सामने, रायपुर 0771-4064222, 8305948040

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# आंबेडकर अस्पताल के लिए बनेगा मास्टर प्लान, होगी आवास की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

आंबेडकर अस्पताल में बनने वाले नए भवन तथा अन्य चीजों के लिए अब मास्टर प्लान तैयार होगा। इसके मुताबिक ही काम किया जाएगा तथा तय वक्त में प्रोजेक्ट पूर्ण किया जाएगा।

गुरुवार को स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए गए। उन्होंने पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के बोर्ड रूम में चिकित्सा महाविद्यालय एवं अम्बेडकर अस्पताल की समीक्षा बैठक ली। बैठक के बाद उन्होंने आंबेडकर अस्पताल के रेडियोडायग्नोसिस विभाग, किचन, कैंसर विभाग, प्रस्तावित एकीकृत 700 बिस्तर अस्पताल स्थल एवं नव निर्माणाधीन मॉर्चुअरी गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त चिकित्सा शिक्षा किरण कौशल, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, सीजीएमएससी की संचालक पद्मिनी भोई, चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी एवं अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त चिकित्सा शिक्षा ने अस्पताल में उपचाररत मरीज के परिजनों के ठहरने के लिए अस्पताल परिसर में परिजन आवास बनाने के निर्देश दिए।



- स्वास्थ्य सचिव ने ली समीक्षा बैठक, निर्माणाधीन शव परीक्षण गृह को शीघ्र पूरा करने के निर्देश
- प्रस्तावित एकीकृत 700 बिस्तर अस्पताल स्थल का भी निरीक्षण

### भोजन बांटने बनेगा शेड

इसके साथ ही कलेक्टर ने मरीज के परिजनों को निशुल्क भोजन बांटने की इच्छुक संस्थाओं के लिए परिसर में चिन्हित स्थान पर प्रस्तावित शेड निर्माण कार्य को अतिशीघ्र पूरा करने को कहा है। स्वास्थ्य सचिव ने चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के उन्नयन के लिए वर्तमान में चल रहे एवं प्रस्तावित निर्माण कार्यों के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। डीन डॉ. विवेक चौधरी ने चिकित्सा महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय देकर विभागीय बजट एवं आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। विभिन्न विभागों में उपलब्ध सुविधाएं एवं आवश्यकताओं के बारे में स्वास्थ्य सचिव को जानकारी दी।

### प्रस्तावित हैं ये कार्य

वन विभाग से प्राप्त शासकीय जमीन में रेसीडेंट क्वार्टर एवं छात्रावास निर्माण कार्य, चिकित्सा महाविद्यालय के 1500 सीटेड ऑडिटोरियम भवन के बाहरी भाग का सौंदर्यीकरण एवं चिकित्सालय विस्तार कार्य के अंतर्गत जी प्लस टू से जी प्लस सेवन कैंसर हॉस्पिटल का निर्माण कार्य पूर्व में ही प्रस्तावित है। इसे लोक निर्माण विभाग के सिविल वर्क के अंतर्गत प्रारंभ किया जाएगा। मॉर्चुअरी अपग्रेडेशन एवं विस्तार कार्य को एक निश्चित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के लिए सीजीएमएससी के अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए हैं। इसके साथ ही बहुप्रतीक्षित एल-टू ट्रामा केयर सेंटर के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं ट्रामा निर्माण समिति को आवश्यक प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया।

## मंदिर हसौद चौक पर सिक्सलेन ओवरब्रिज का निर्माण

# सिक्सलेन ओवरब्रिज का निर्माण धीमा, उड़ रही धूल ने किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद चौक पर सिक्सलेन ओवरब्रिज का काम काफी धीमी गति से चल रहा है। इस ब्रिज का स्लैब और दोनों तरफ रिटर्निंग का काम ही हो पाया है, वहीं फ्लाई ऐश से लेकर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा कई और काम अभी बाकी हैं। इस तरह ब्रिज का करीब 30 से 35 प्रतिशत काम पूरा हुआ है, जबकि 60-65 प्रतिशत काम बाकी है। ब्रिज के धीमे निर्माण के कारण इस मार्ग से गुजरने वाले लोग यहां उड़ रही डस्ट से परेशान हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार ब्रिज को जुलाई 2025 तक पूर्ण किया जाना था, लेकिन धीमे काम के कारण अब तक 50 प्रतिशत भी काम पूर्ण नहीं हो पाया है। जिस गति से काम चल रहा है, उसे देखकर संभावना जताई जा रही है कि ब्रिज का काम कम्प्लीट होने में करीब 8 से 10 महीने और लगेंगे।



### 23 करोड़ की लागत से बन रहा ब्रिज

मंदिर हसौद सिक्सलेन ओवरब्रिज का निर्माण 23 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। इस ब्रिज की लंबाई 800 मीटर और चौड़ाई 13 मीटर है। इस ब्रिज के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। मंदिर हसौद चौक से हर रोज 40 हजार से ज्यादा गाड़ियां सड़क को क्रास कर गुजरती हैं, वहीं मुख्य मार्ग से भी हर रोज दो लाख से ज्यादा गाड़ियां गुजरती हैं। इसके कारण मंदिर हसौद चौक पर दिनभर गाड़ियों का दबाव भी बना रहता है। सिक्सलेन ब्रिज के निर्माण से मुख्य मार्ग पर गाड़ियों का दबाव भी कम पड़ेगा, जिससे गाड़ियां आसानी से यहां से गुजरेंगी।

### जाम से मुक्ति और सड़क दुर्घटनाओं में आएगी कमी

मंदिर हसौद चौक के आसपास पिछले कुछ वर्षों में कई सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इन दुर्घटनाओं में कई लोगों की जानें भी गई हैं। इन दुर्घटनाओं के कारण पुलिस ने इस मार्ग को ब्लैक स्पॉट भी घोषित किया है। ब्रिज के बनने के बाद दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। मंदिर हसौद रेलवे क्रासिंग पर लगने वाला जाम कई बार चौक तक पहुंच जाता है। इसके कारण गाड़ियों की लंबी कतारे लग जाती थी। इसके कारण जाम को क्लीयर होने में कई घंटे लग जाते हैं। ब्रिज के बनने से जाम से भी मुक्ति मिलेगी।

### नहीं रुकना पड़ेगा हाईवे में, समय भी बचेगा

सिक्सलेन ब्रिज के बनने के बाद रायपुर से मंदिर हसौद से आगे और रायपुर की तरफ से आने वाली गाड़ियों को चौक पर रुकना नहीं पड़ेगा। इससे पहले चौक पर सिग्नल लगाया गया था। इसके कारण चौक पर रेड सिग्नल में गाड़ियों को रुकना पड़ता था। ब्रिज के बनने के बाद गाड़ियां बिना रुके आवागमन करेंगी। इससे गाड़ी चालकों के समय के साथ पेट्रोल-डीजल की बचत भी होगी।

# धान खरीदी का आज अंतिम दिन, लक्ष्य से कम खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में चालू खरीफ वर्ष के लिए धान खरीदी 14 नवंबर से शुरू हुआ था। 31 जनवरी को इसका आखिरी दिन है। अब तक राज्य में 25 लाख से अधिक किसानों से 147 लाख 74 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। अब खरीदी का एक दिन बाकी है, ऐसे में राज्य शासन द्वारा तय किया गया 160 लाख टन खरीदी के लक्ष्य से कम खरीदी होने का अनुमान है। लक्ष्य पाने लगभग सवा 12 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी करनी होगी। खरीदी का समय आगे और बढ़ाने की मांग किसानों की ओर से की जा रही है, लेकिन अब तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

छत्तीसगढ़ में खरीफ वर्ष 2024-25 में धान खरीदी का कार्य लगभग पूरा हो गया है। राज्य सरकार द्वारा इस खरीफ वर्ष के लिए 27.78 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.59 लाख नए किसान शामिल हैं। 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। प्रदेश के समस्त पंजीकृत कृषकों को धान विक्रय हेतु टोकन की सुविधा ऑनलाईन एप्प टोकन तुंहर हाथ एवं उपार्जन केन्द्रों में 25 जनवरी तक के लिए उपलब्ध कराया गया था है। समितियों में इसके बाद टोकन नहीं दिया गया। कुछ किसानों द्वारा दिए गए टोकन का उपयोग न कर पाने के कारण उन्हें एक अतिरिक्त टोकन अधिकारी माड्यूल से जारी करने के आदेश दिए गए हैं।



- अब तक 147 लाख मीट्रिक टन की खरीदी
- 160 लाख मीट्रिक टन खरीदी का था लक्ष्य

### खरीदी केंद्रों से उठाव जारी

धान खरीदी में चालू वर्ष में राइस मिलरों के हड़ताल के कारण करीब तीन सप्ताह तक उठाव नही हो पाया था। सरकार से समझौते के बाद उठाव जारी हुआ। अब तक लगभग 98 लाख टन धान का उठाव संग्रहण केंद्रों और मिलरों के द्वारा किया जा चुका है। अभी भी खरीदी केंद्रों में लगभग 50 लाख टन से अधिक धान डंप पड़ा है। खरीदी खत्म होने के बाद कस्टम मिलिंग में तेजी लाकर उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव कराया जाएगा।

### महासमुंद में सबसे अधिक, दंतेवाड़ा में सबसे कम खरीदी

प्रदेश में धान खरीदी का आंकड़ा देखें तो इस वर्ष महासमुंद जिले में सबसे अधिक 10.96 लाख मीट्रिक टन और सबसे कम खरीदी 32 हजार मीट्रिक टन से अधिक दंतेवाड़ा जिले में किया गया है। अन्य जिले जहां पर अधिक खरीदी हुई है, उनमें बेमेतरा में 9.32 लाख मीट्रिक टन, बलौदाबाजार में 8.49 लाख मीट्रिक टन, बालोद जिले में 7.54 लाख मीट्रिक टन और रायपुर जिले में 6.98 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है।

# आपसी रंजिश पर युवक ने अपने साथी की चाकू मारकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संजय नगर में आपसी रंजिश पर एक दोस्त ने अपने साथी की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना के समय दोनों आपस में बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान पुरानी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इस दौरान युवक ने जेब से चाकू निकालकर अपने दोस्त के पेट में घोंप दिया, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। एक अन्य घटना में विधानसभा पुलिस ने चिता पर रखी लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंपा।



- एक अन्य मामले में पुलिस ने चिता पर रखी लाश उठाकर कराया पोस्टमार्टम

टिकरापारा पुलिस ने खिलेश्वर यादव की हत्या के आरोप में उसके दोस्त ओम प्रकाश विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। खिलेश्वर के परिजनों ने बुधवार देर रात पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि खिलेश्वर तथा ओमप्रकाश रात 11 बजे के करीब मिलन चौक में बैठकर शराब पी रहे थे। इस दौरान उनके बीच पुरानी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान ओमप्रकाश ने जेब से चाकू निकालकर खिलेश्वर के पेट पर वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल खिलेश्वर को उसके परिजन उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल लेकर गए, गुरुवार को उपचार के दौरान खिलेश्वर की मौत हो गई।



### दीवार फांदते कमर की हड्डी टूटी थी

विधानसभा पुलिस ने दोंदेकला निवासी क्षत्रपाल वर्मा की लाश को चिता से उठाकर गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक कुछ दिन पूर्व क्षत्रपाल घर की दीवार फांदते हुए गिर गया था। गिरने की वजह से क्षत्रपाल की कमर की हड्डी टूट गई थी। अस्पताल में उपचार के दौरान क्षत्रपाल की मौत हो गई।

### परिजनों ने लिखकर दिया पीएम नहीं कराएंगे

क्षत्रपाल की मौत को परिजनों ने सामान्य मौत माना। क्षत्रपाल की दीवार फांदते वक्त कमर की हड्डू टूटने से उपचार के दौरान मौत मेडिको लीगल घटना है। ऐसे में परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन को क्षत्रपाल का पीएम नहीं कराने लिखित में पत्र देते हुए अंतिम संस्कार करने शव घर ले गए। इसी दौरान पुलिस को शव ले जाने की सूचना मिली। परिजन क्षत्रपाल का अंतिम संस्कार करने शव जैसे ही चिता पर लिटाया, मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव अपने कब्जे में ले लिया।

# सोना पहली बार 84 हजार पार एक माह में छह हजार बढ़े दाम

*बीते साल भी तेजी से बढ़ी कीमत : सोने और चांदी की कीमत बीते साल तेजी से बढ़ी। पहले कभी इतनी तेजी से कीमत नहीं बढ़ी थी। साल भर में सोना रिकॉर्ड 19 हजार तीन सौ रुपए तक महंगा हुआ। जो सोना एक जनवरी 2024 को 62900 रुपए था, वहीं 30 अक्टूबर को रिकॉर्ड 82200 रुपए तक गया। हालांकि 31 दिसंबर को कीमत 78100 रुपए रही।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोने की कीमत नए साल में भी लगातार आसमान पर जा रही है। राजधानी रायपुर में तो कीमत ने नया रिकॉर्ड भी बना दिया है। पहली बार सोना जीएसटी के साथ 84 हजारी हो गया है। इसके पहले इसी माह सोना 83 हजार के पार हुआ था। इसके पहले बीते साल 30 अक्टूबर को सबसे ज्यादा कीमत 82200 रुपए तक गई थी। इसकी कीमत अब जल्द ही 85 हजार के भी पार जाने की संभावना है। साने की कीमत नए साल के पहले माह में ही करीब छह बजार रुपए बढ़ी है।

सोने और चांदी को हमेशा से ही निवेश के मामले में खरा माना जाता है। बीते साल तो निवेश के मामले में इसने रिकॉर्ड भी बना दिया। पहली बार सोने में जहां 20 फीसदी का रिटर्न मिला है, वहीं चांदी में 17 फीसदी रिटर्न मिला है। यही वजह है कि बीते साल छत्तीसगढ़ में आठ हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश हुआ है। प्रदेश में सोने-चांदी का रोज का करीब 50 करोड़ का कारोबार होता है, इसमें 50 फीसदी निवेशकों का रहता है। सोने की कीमत इस साल रिकॉर्ड 82 हजार के पार भी गई और चांदी के दाम भी एक लाख के पार गए।



- दाम अब 85 हजार के पार जाने की संभावना

### एक माह में बढ़ी कीमत छह हजार

नए साल के पहले 31 दिसंबर को सोने की कीमत 78100 रुपए थी। पहले ही दिन से सोने की कीमत में इजाफा होना प्रारंभ हुआ। एक जनवरी को कीमत 79 हजार रही। सात जनवरी को कीमत 80 हजार पहुंची। इसके बाद एक सप्ताह में कीमत 81 हजार के पार हो गई। फिर एक सप्ताह के बाद कीमत 82 हजारी हुई और अंतिम सप्ताह में पहले कीमत 83 हजारी हुई और फिर अब कीमत माह समाप्त होनु के एक दिन पहले ही 84150 हजार हो गई है। यानी एक माह में कीमत छह हजार रुपए बढ़ी है।

*कीमत बढ़ने का यह है कारण : रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बताया, कीमत में तेजी का कारण टेरिफवार है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में दूसरे देशों से आयात होने वाले सामानों पर आयात शुल्क में वृद्धि की, इससे विश्व बाजार में अनिश्चित एवं भय का वातावरण बना, आयात शुल्क बढ़ाने से अन्य देशों की निर्यात पर इसका असर पड़ा।*

### डीडी नगर में ओवर हेड टैंक सफाई

**रायपुर।** नगर निगम के जल कार्य विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के 3200 किलोलीटर क्षमता के ओवर हेड टैंक की सील्ट सफाई का कार्य करवाया गया। पानी टंकी से सुबह की नियमित जलापूर्ति के बाद निगम से अनुबंधित कंपनी के कर्मचारियों ने टंकी में उतरकर सील्ट सफाई कर पानी को साफ करने कैमिकल ट्रीटमेंट किया। इस दौरान सभी चैंबरों की सफाई और पेंटिंग का कार्य किया गया। गुरूवार की सुबह 9 बजे से यह कार्य प्रारंभ हुआ जो कि दोपहर 2 बजे तक पूरा कर लिया गया।

## खबर संक्षेप



### सीएम से मिला कुर्मी क्षत्रीय महासभा का प्रतिनिधिमंडल

**रायपुर।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा के नेतृत्व में महासभा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को बताया कि अखित भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा पूरे देश में कार्यरत 140 साल पुरानी संस्था है। इस अवसर पर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, महिला संगठन राष्ट्रीय सचिव डॉ. सरोज चंद्राकर, महासभा महिला संगठन की महासमुंद जिला अध्यक्ष निरंजना चंद्राकार, जिला सचिव इंडरी चंद्राकर, युवा संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष डेविड चंद्राकर, युवा संगठन से गौरव चंद्राकर उपस्थित थे।

### पुणे में विश्व मराठी सम्मेलन आज से

**रायपुर।** पुणे में 31 जनवरी से विश्व मराठी सम्मेलन का आगाज होगा। इस सम्मेलन में महाराष्ट्र मंडल का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ सभासद अनिल श्रीराम कालेले, शेखर रावसाहेब अमीन, रविंद्र ठेंगड़ी और सुबोध टोले करेंगे, जो गुरुवार को ही पुणे के लिए रवाना हो गए। मंडल के सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी ने बताया कि पुणे विश्व मराठी सम्मेलन के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अनुसार विशिष्ट अतिथियों के साथ बाल गंधर्व रंग मंदिर से फर्गुसन कॉलेज तक जुलूस निकाला जाएगा। इस सम्मेलन में वरिष्ठ लेखक मधु मंगेश कार्णिक को "साहित्य भूषण पुरस्कार" प्रदान किया जाएगा। समापन समारोह में रितेश देशमुख को कला रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन का उद्घाटन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, दोनों उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार समेत विभिन्न विधाओं की अनेक हस्तियों की उपस्थिति में होगा।

### निशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर में कराई जांच



**रायपुर।** एफ-95 एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिसर्च सेंटर ने अपने सीएसआर पहल के तहत लॉ-विस्टा और रोमनस्क विला में गुरुवार को निशुल्क फिजियोथेरेपी शिविरों का आयोजन किया। इन शिविरों में निवासियों को पोस्टर एनॉलिसिस, चलने-फिरने के तरीके का विश्लेषण और मांसपेशियों की ताकत की जांच जैसी उन्नत सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर आयोजकों ने बताया कि एफ-95 का उद्देश्य केवल उपचार ही नहीं, बल्कि मस्कुलोस्केलेटल (हड्डी और मांसपेशियों से जुड़ी) समस्याओं की रोकथाम पर भी ध्यान केंद्रित करना है। आधुनिक तकनीकों और व्यक्तिगत परामर्श के माध्यम से हम लोगों को सही पोस्चर और जीवनशैली में सुधार करने में मदद कर रहे हैं, जिससे भविष्य में होने वाली समस्याओं से बचाव किया जा सके। एफ-95 आगे भी समाजहित में इस तरह की गतिविधियां आयोजित करता रहेगा, अधिक से अधिक लोग स्वस्थ और सक्रिय जीवन जी सकें।




## बिजनेस साइट

### वृंदा चेस्ट एंड एलर्जी केयर में एलर्जी और अस्थमा का इलाज



Vrinda Chest Clinic

**रायपुर।** अवंतिबाई चौक लोधीपारा पंडरी रोड कापा स्थित वृंदा चेस्ट एंड एलर्जी केयर में प्रसिद्ध एलर्जी और अस्थमा विशेषज्ञ डॉ. केदारनाथ देवांगन द्वारा मरीजों को एलर्जी और अस्थमा का सफल इलाज किया जा रहा है। डॉ. देवांगन ने बताया कि सेंटर में अब तक दस हजार से अधिक मरीजों का इलाज किया गया है।

डॉ. देवांगन ने कहा कि अस्पताल में सभी प्रकार की एलर्जी और श्वास से संबंधित समस्याओं का इलाज किया जाता है, जिसमें स्किन एलर्जी, रनिंग नोज, खांसी, अस्थमा, न्यूमोनिया, सीओपीडी (फेफड़ा फैलना), शुगर, ब्लडप्रेशर, निद्रारोग, लंबी सर्दी-खांसी, सांस की समस्याएं और बच्चों में बार-बार होने वाली सर्दी-खांसी का इलाज शामिल है। इसके अलावा फेफड़े की जांच के लिए दूरबीन द्वारा भी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है।

### कलिंगा विवि में नवीन शैक्षिक रणनीतियों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन



**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय ने आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'नवोन्मेषी शैक्षिक रणनीतियां, एनईपी 2020: छत्तीसगढ़ और उससे आगे' का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह सम्मेलन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत शिक्षा के भविष्य पर गहन चर्चा करने का एक महत्वपूर्ण मंच था। सम्मेलन में विभिन्न देशों के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, विशेषज्ञों और विचारकों ने भाग लिया और शैक्षिक रणनीतियों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। आर. प्रसन्ना, सचिव उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उद्घाटन भाषण दिया गया, जिसने चर्चाओं को प्रेरित किया। इसके बाद प्रो. अनुराग श्रीवास्तव, प्रो. राजीव चौधरी, प्रो. नितिन मंगवडे, प्रो. अनुज कुमार, डॉ. निशु आयेडी और प्रो. हैपेंग लियू ने एनईपी-2020 और इसके वैश्विक प्रभावों पर अपने विचार साझा किए।

आवश्यकता है

हरिभूमि समाचार पत्र को रायपुर शहर में पार्ट टाईम डोर-टू-डोर कार्य हेतु युवक-युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का साधन हो तत्काल संपर्क करें।

पद - 20
योग्यता : 10वी, 12वीं, स्नातक
वेतन : 10000 +

Resume Whatsapp करें
9827555678, 8224868411

हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)

हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 31 जनवरी 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

04



ड्रेस के साथ बूट पहनकर दिखाना...

## सिटी इवेंट

## कृषि विवि के दशम दीक्षांत समारोह में 38 मेघावी विद्यार्थियों को मिलेगा पदक




**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का दशम दीक्षांत समारोह 1 फरवरी को होगा। कृषि महाविद्यालय रायपुर स्थित कृषि मंडपम में सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले इस दीक्षांत समारोह में 4 हजार 191 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। समारोह राज्यपाल व इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति रमेन डेका की अध्यक्षता में किया जाएगा। इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नोलॉजी, नई दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. वांगा शिवा रेड्डी उद्बोधन देंगे। आईजीकेवी के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल विद्यार्थियों को दीक्षोपदेश देंगे। इसके बाद मेधावी विद्यार्थियों को 16 स्वर्ण, 18 रजत और 4 कांस्य पदक देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद भव्य दीक्षांत शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### अकादमिक परिधान भी निर्धारित

दीक्षांत समारोह में 818 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी ऑनर्स प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे। समारोह में उपाधि पाने वाले विद्यार्थियों के लिए अकादमिक परिधान निर्धारित किया गया है। छात्र कोसे रंग अथवा ऑफ व्हाइट रंग का कुर्ता तथा सफेद पायजामा पहनेंगे। छात्राएं कोसे रंग या ऑफ व्हाइट रंग की साड़ी पहनेंगी। वहीं अतिथि इस बार कोसा रंग का ही जैकेट पहनेंगे। आईजीकेवी के जनसंपर्क अधिकारी संजय नैय्यर ने बताया कि समारोह की तैयारी शुरू हो गई है।

### विद्यार्थियों को दी जाएगी उपाधि

आगामी समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2022-23 एवं 2023-2024 में आईजीकेवी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पदक एवं उपाधियां दी जाएंगी। दीक्षांत में बीएससी कृषि पाठ्यक्रम के 2 हजार 841, बीएससी उद्यानिकी पाठ्यक्रम के 17, बी-टेक कृषि अभियांत्रिकी के 303 और खाद्य प्रौद्योगिकी कॉलेज के 20 विद्यार्थियों को उपाधि दी जाएगी। स्नातकोत्तर स्तर पर 742 और पीएचडी स्तर पर 268 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी।

स्टफ्ड बैलून, लव बुक, डिजाइनर केक, हैंडमेड चॉकलेट, यूनिक कैरेक्टर में टेडी न्यू गिफ्ट...

# वैलेंटाइन-डे के लिए सजे बाजार में क्रिएटिव गिफ्ट आइडिया का ट्रेंड



जाने कितने ही युवाओं को साल के फरवरी माह का इंतजार है। रोमांस के लिए खास वैलेंटाइन डे वैसे तो 14 फरवरी को मनाया जाएगा, लेकिन इनकी भावना से जुड़े गिफ्ट और अलग-अलग दिन मनाए जाने वाले डे को खास बनाने का साजो-सामान भी बाजार में सजने लगा है। जाने कितने ही लोगों ने अपने पार्टनर को जो गिफ्ट देना तय किया है, उसे अलग अंदाज में डिजाइन भी कराया है।

**रायपुर।** इसके लिए लोग अलग-अलग क्षेत्र के कार्नर में अब इस बार आए खास गिफ्ट की पूछपरख भी करने लगे हैं। 7 फरवरी को रोज डे से इसकी शुरुआत होगी। हर साल की तरह बाजारों में कपल्स के लिए नए गिफ्ट कलेक्शन हैं, जिसे लोग कस्टमाइज कराना पसंद कर रहे हैं। वैलेंटाइन वीक के दूसरे दिन प्रपोज डे पर सेलिब्रेट करने की तैयारी में है। इस दिन कपल्स एक-दूसरे को यूनिक गिफ्ट देते हैं। वैलेंटाइन डे से पहले शहर के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। दुकानों में इंडियन-इंपोर्टेड सहित कई सामग्री उपलब्ध है। इसमें चॉकलेट, वैलेंटाइन दिवस या संत वैलेंटाइन के प्रतीक स्वरूप डॉल व मूर्तियों की मांग ज्यादा रहती है।

### गर्ल्स-ब्वॉयज के लिए यूनिक कलेक्शन



सूरज खेमानी ने बताया कि हर साल यूनिक गिफ्ट कपल्स के लिए आकर्षण का केंद्र रहते हैं। बीते 2-3 साल से गिफ्ट हैंपर्स की डिमांड बढ़ गई है, इसमें गर्ल्स और ब्वॉयज के लिए अलग कलेक्शन लाया गया है। गर्ल्स के लिए परफ्यूम, पर्स, मेकअप प्रोडक्ट, चॉकलेट, बुक, ज्वेलरी में न्यू कलेक्शन लाया गया है, इसमें कोरियन ज्वेलरी खरीदारों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। वहीं ब्वॉयज के लिए स्मार्ट मग, घड़ी, चश्मा, मोबाइल कवर, ब्रांडेड शू, पर्स, गेम्स और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं लाई गई हैं।

### थीम बेस्ड हैंडमेड चॉकलेट की मांग

रेशमा जैन ने बताया कि वैलेंटाइन-डे पर कपल्स यूनिक और यादगार गिफ्ट की डिमांड करते हैं। इस बार स्टफ्ड बैलून लोगों की पहली पसंद रहेंगे। कपल्स एक-दूसरे को सरप्राइज गिफ्ट देने इसका उपयोग करते हैं। साथ ही जो कपल्स हेल्थ और डाइट फॉलो करते हैं, उनके लिए नट्स और ड्राई फ्रूट्स से शुगर फ्री थीम बेस्ड चॉकलेट तैयार किए जा रहे हैं। इस बार भी वैलेंटाइन डे पर हैंडमेड गिफ्ट, कार्ड, सजावटी वस्तुएं लोगों की पहली पसंद रहेंगी।




### हैंपर की शुरुआती कीमत 200-300

विदेशों में इस दिन अवकाश दिवस भी मनाया जाता है। 14 फरवरी को दुनियाभर में वैलेंटाइन डे के रूप में मनाया जाता है। अंग्रेजी बोलने वाले देशों में ये एक पारंपरिक दिवस पर्स, गेम्स, घड़ी जैसी अनेक वस्तुएं शामिल हैं। ऐसे में सभी दुकानों पर गिफ्ट हैंपर की शुरुआती कीमत 200-300 रुपए है। इस वर्ष बाजार में हैंडमेड चॉकलेट और स्टफ्ड बैलून के साथ केक कपल्स की पहली पसंद रहेंगे, जिसे थीम बेस्ड ऑर्डर पर तैयार किया जाता है।

### यूनिकॉर्न और कार्टून कैरेक्टर के टेडी

दुकान संचालक ने बताया कि इस वर्ष यूनिकॉर्न और कार्टून कैरेक्टर के टेडी लाए गए हैं। इसमें सात दिनों के लिए अलग-अलग कलेक्शन देखने को मिलेंगे, जिसमें रोज डे, प्रपोज डे, चॉकलेट डे, टेडी डे, प्रॉमिस डे, हग डे, किस डे, वैलेंटाइन डे शामिल है। इसकी कीमत 200 रुपए से शुरू है, जो 2-3 हजार तक तय है। पहले केवल टेडी बियर बाजारों में मिलते थे, लेकिन अब इसमें लोगों को यूनिक चाहिए होता है। इसकी खरीदी मुंबई, दिल्ली से की गई है।

### वैलेंटाइन डे पर इंपोर्टेड चॉकलेट की डिमांड

अक्षत सुराना ने बताया कि इस वैलेंटाइन-डे पहले से कई अधिक यूनिक गिफ्ट लाए गए हैं। इसमें इंडियन-इंपोर्टेड चॉकलेट, शोपीस, कार्ड, आर्टिफिशियल रोज, लव स्टोरी बुक और डेलीनीड्स की वस्तुएं शामिल हैं। दुकान में लिंड्ट, गोडिवा, गिलियन, टोबलरोन, बेल्जियन कोको डार्क इंपोर्टेड चॉकलेट उपलब्ध हैं, इसकी डिमांड वैलेंटाइन-डे के वक्त बढ़ जाती है। वहीं गिफ्ट हैंपर को शोपीस, रोज, लव स्टोरी बुक, लव कार्ड, इंडियन-इंपोर्टेड चॉकलेट के साथ नए लुक में सजाया जाएगा।

### सफेद फूल कपल्स की पसंद

दुकान संचालक रोहित ने बताया कि वैलेंटाइन डे से एक-दो दिन पहले बुके के ऑर्डर मिलने शुरू हो जाते हैं। ऐसे में लाल गुलाब के अलावा गुलाबी, पीला, संतरा, सफेद समेत अनेक रंग के गुलाब लाए जाते हैं। बुके में गुलाब के अलावा सफेद फूलों का उपयोग सबसे अधिक किया जाता है, इसमें चमेली, गार्डेनिया, डेजी, लिली ऑफ द वैली, हाइड्रेंजिया, मैगनोलिया, पेओनी, ट्यूबरोज, कैमेलिया, एनीमोन, रैनुनकुलस, एलस्ट्रोमेरिया, डहलिया, गार्डन रोज के नाम शामिल हैं।

## लाइव इवेंट

## विद्यार्थियों को तुरनाग बजाकर दिखाया जनजातीय जीवन के बारे में दी जानकारी



**रायपुर।** संस्कृति विभाग की ओर से महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में मध्य छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और उनका संरक्षण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और शोधार्थियों को प्रदेश की कला, संस्कृति और धरोहरों से नजदीक से परिचित कराना है। इसमें गुरुवार को लोक कलाकार और पारंपरिक लोक वाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के बारे में बताया।

अवनाद्य, घन, सुशीर, तंतु से बने वाद्ययंत्रों का उपयोग प्रदेश के किन समाज व पंथ के लोगों द्वारा जाता है, यह बताया गया। मांदर वाद्य का उपयोग गोंड व करमा समाज के लोग करते हैं। इससे रोंजो संगीत निकलता है, जिसका उपयोग



जंगली खरगोश को आकर्षित करने के लिए किया जाता है। वहीं बाड़ी में लगी फसल की जानवरों से रक्षा करने के लिए शेर जैसी आवाज निकालने वाले गुमरा वाद्य का उपयोग करते हैं। इसके अलावा कार्यशाला में खड़े साज का बाजा गतका, आठे कन्हैया (जन्माष्टमी) के अवसर पर बजाया जाने वाला तुरनाग बजाकर दिखाया गया।

### पर्यटन के महत्व और शासन की नीतियों के बारे में बताया

बस्तर विश्वविद्यालय से आई डॉ. सुकृता तिर्की ने जनजातीय सांस्कृतिक मूर्त, अमूर्त धरोहरों जैसे भतरा नाट, ध्रुवा नाच, रेला पाटा, माता पहुंचनी, शिकमा त्यौहार (नवाखाई) पर युवाओं से खास बातचीत की। साथ ही इन पर सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक व राजनीतिक क्षेत्रों के पड़ रहे सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों के बारे में बताया। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की डॉ. शुभदा चतुर्वेदी ने रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग के सांस्कृतिक पर्यटन स्थलों के बारे में बताया। पर्यटन की संभावनाओं में हिस्टॉरिकल, गैस्ट्रोनॉमिकल, आर्किटेक्चरल टूरिज्म, लिटरेरी, इवेंट एंड फेस्टिवल्स टूरिज्म, हैंडीक्राफ्ट्स एंड ट्रेडिशंस, एथनोग्राफिक टूरिज्म के महत्व और शासन की नीति व योजनाओं के विषय में बताया।

वतन को जानो कार्यक्रम में राज्य की संस्कृति-परंपरा का बखान

## जिनके पास आंखें नहीं हैं, वे अंधे नहीं अंधे वो हैं, जिसके पास विजन नहीं

**रायपुर।** जिनके पास आंखें नहीं हैं, वे अंधे नहीं, बल्कि अंधे वो हैं, जिसके पास विजन नहीं है, यह संदेश स्वामी विवेकानंद द्वारा दिया गया था। नेहरू युवा केंद्र द्वारा कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को 'वतन को जानो' विषय पर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के निवासी उपस्थित रहे। इस दौरान वक्ता के रूप में महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले उपस्थित रहे। जिन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर से पहुंचे लोगों को प्रदेश की संस्कृति एवं परंपराओं को जानने का अवसर मिल रहा है। ऐसे में वे प्रदेश की बोली, संस्कृति और परंपराओं का अनुभव अन्य लोगों के साथ सरलतापूर्वक साझा कर सकते हैं। भारत का मुकुट कहा जाने वाला कश्मीर छत्तीसगढ़ की राजधानी पहुंचा है, यह प्रधानमंत्री के बेहतर पहल से ही संभव हो पाया है।




### जम्मू-कश्मीर के युवाओं की उपस्थिति

*एक दिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य कश्मीर के युवाओं को प्रदेश की संस्कृति एवं परंपराओं से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान आयकर निदेशक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन सबसे जरूरी है। खेल में भाग लेने वाले युवा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होते हैं, जिन्हें खेल में अनुशासन पहले सिखाया जाता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमि जल शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के मुख्य क्षेत्रीय निदेशक निधिष वर्मा ने कहा कि भारत देश की सुंदर जगहों में कश्मीर का नाम शामिल है। वर्तमान में यूथ को पर्यावरण सुरक्षा के लिए काम करने की आवश्यकता है, इससे जल, प्रकृति, वायु, भूमि को नष्ट होने से बचाया जा सकता है।*

## कुष्ठ रोधी दिवस पर बांटी एमसीआर चप्पल और सेल्फ केयर किट



**रायपुर।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, एनएलईपी नोडल अधिकारी डॉ. श्वेता सोनवानी के मार्गदर्शन में कुष्ठ रोधी दिवस का कार्यक्रम का लेप्रोसी होम एंड हॉस्पिटल पंडरी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभाग प्रमुख डॉ. मिथिलेश चौधरी ने गांधीजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। एमसीआर चप्पल व सेल्फ केयर किट प्रदान किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा सभी कुष्ठ के मरीजों को अपने तरफ से पोषण आहार वितरित किया गया। कुष्ठ पखवाड़ा के तहत गुरुवार से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान प्रत्येक शहरी वार्ड/ग्राम पंचायत में आयोजित जा रहा है। इसमें कुष्ठ कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रचार प्रसार के माध्यम से कुष्ठ रोग के प्रति भय एवं भ्रांतियां दूर की जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग के समस्त मैदानी कर्मचारी फ्रंटलाइन वर्कर विभागीय अधिकारी कार्यकर्ता ग्रामसभा में उपस्थित होकर परिचर्चा में भाग लेंगे।

रोडमैप टू क्वालिटी एजुकेशन पर आयोजित कार्यशाला

# धुरंधरों ने दिए छत्तीसगढ़ को विकसित बनाने के मंत्र, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर साझा किया अनुभव

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग की ओर से गुरुवार को ऑडिटोरियम में रोडमैप टू क्वालिटी एजुकेशन विषय पर कार्यशाला का समापन हुआ। इसका उद्देश्य प्रदेश की उच्च शिक्षा में गुणवत्ता लाना रहा। युवाओं में कौशल का विकास हो और वे ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर बनकर विकसित छत्तीसगढ़ लक्ष्य प्राप्ति में अपनी अग्रणी भूमिका निभाए।। हरिभूमि ने ऑडियोटोरियम पहुंचकर कार्यशाला में आए वक्ताओं से बातचीत की। कार्यशाला में बतौर वक्ता आईआईटी के प्रोफेसर अमेय करकरे, क्षेत्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड (बीओएटी) के निदेशक पीएन जुमले, उद्योगपति हरीश केडिया, वीवाय हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. पुर्णेंदू सक्सेना और इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नोलॉजी नई दिल्ली से प्रो. एनएस भावेश उपस्थित रहे। कार्यशाला में प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के 700 शिक्षाविद प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए।

### बीओएटी का मकसद युवाओं को कौशल संपन्न बनाना




क्षेत्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड (बीओएटी) के निदेशक पीएन जुमले ने बताया कि मुंबई में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय है। यहां पर किसी भी क्षेत्र में स्नातक या डिप्लोमा किए हुए युवाओं को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। इसमें युवाओं को सीखने के साथ कमाई का भी मौका मिलता है। स्नातक को 9000 व डिप्लोमा होल्डर को 8000 रुपए दिए जाते हैं। प्रशिक्षुओं को कार्यस्थल पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। प्रशिक्षण प्रशिक्षण बोर्ड बीओएटी और व्यावहारिक प्रशिक्षण बोर्ड बीओपीटी मिलकर राष्ट्रीय प्रशिक्षण योजना एनएटीएस का संचालन कर रहे हैं। मुंबई स्थित क्षेत्रीय बीओएटी में महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दमन और दीव तथा दादरा और नगर हवेली के युवाओं के लिए है।

### जनजातीय क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हो प्राथमिकता

डॉ. पुर्णेंदू सक्सेना ने बताया कि संस्थानों को वाद-विवाद प्रतियोगिता के बजाए तत्वबोध चर्चा कराने पर अधिक जोर देना चाहिए। उच्च शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता पर भी काम करना होगा। पौधा मजबूत वृक्ष में तभी तब्दील होगा, जब उसकी जड़ें और तने मजबूत होंगे। प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चे भी पौधे की तरह ही होते हैं, इसलिए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना बहुत जरूरी है। जनजातीय आबादी के बीच शिक्षा का स्तर आमतौर पर राष्ट्रीय औसत से बहुत कम है। बाधाओं को दूर करते हुए जनजातीय क्षेत्रों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना प्राथमिकता होनी चाहिए। अगर समाज के सभी वर्गों में आर्थिक समृद्धि होगी तो प्रदेश खुद ब खुद समृद्ध होगा।

### कौशल संपन्न युवाओं के बूते पर बनेगा विकसित छत्तीसगढ़



अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रो. एडीएन वाजपेयी ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पर सुझाव देते करते हुए बताया कि रिक्तों पदों पर नियुक्ति होनी चाहिए। संस्थान नई तकनीक से लैस हो। सकल नामांकन को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा मिले। विभिन्न शासकीय व अशासकीय संस्थानों के मध्य समन्वय स्थापित हो। युवाओं को शोध व अनुसंधान करने के लिए संस्थानों की तरफ छूट मिले और हरसंभव मदद करनी चाहिए। सबसे जरूरी यह है कि संस्थान अपने यहां के विद्याथियों को उपाधि के साथ कौशल संपन्न बनाने पर जोर दें। विकसित छत्तीसगढ़ लक्ष्य की प्राप्ति युवाओं के बूते ही संभव है।

**इवेंट लाइव**

## चित्रकारों ने उकेरी मोबाइल और म्यूजिक सुनते तीन बंदरों की कृतियां



**रायपुर।** महाकोशल कला परिसर द्वारा तीन बंदर कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस दो दिवसीय कला प्रदर्शनी में कुल 219 प्रतिभागियों ने चित्रकला प्रदर्शन में हिस्सा लिया। जिन्होंने महात्मा गांधी यानी मोहनदास करमचंद गांधी पर आधारित तस्वीरें तैयार की हैं। इन तस्वीरों को गांधी के तीन बंदरों के थीम पर तैयार किया गया। जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश मिश्र शामिल हुए, जिन्होंने कहा, ये तीन बंदर व्यक्ति के चरित्र पर आधारित हैं। ये दूसरों को बुरा मत देखो, बुरा मत कहो, बुरा मत सुनो का संदेश देते हैं।

### दो दिवसीय कला प्रदर्शनी का शुभारंभ

चारकोल, पेंसिल, वॉटर कलर, एक्रेलिक, पेस्टल की मदद से कलाकारों ने शानदार चित्र तैयार किए हैं। इन तस्वीरों में किताब, चरखा, स्वतंत्रता और विभिन्न आंदोलनों का जिक्र किया गया है। इस दौरान कलाकारों ने आधुनिकता के साथ तीन बंदरों को दर्शाया है, इसमें वे लैपटॉप, मोबाइल चलाते और म्यूजिक सुनते नजर आ रहे हैं। यह प्रदर्शनी शनिवार शाम 4.30 से 6 बजे तक आयोजित है, इस दौरान सभी तस्वीरों की विशेषताओं को संक्षिप्त में लोगों को बताया जाएगा।

**सिटी लाइव**

## पार्श्व गायक भूपेंद्र सिंह को लता सम्मान, पत्नी मिताली करेंगी ग्रहण

**रायपुर।** चार दिवसीय लता महोत्सव का आयोजन 1 से 4 फरवरी तक नवा रायपुर अटलनगर के पार्क ग्राउंड में किया जा रहा है। स्वर्णिम धरोहर लता फाउंडेशन रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा प्रथम लता मंगेशकर सम्मान पार्श्व गायक व गजल गायक स्व. भूपेन्द्र सिंह को देने की घोषणा की गई है। स्वर्णिम धरोहर लता फाउंडेशन के संरक्षक भूतपूर्व महाअधीक्षक, बीएसएफ अखिलेश्वर सिंह ने बताया कि स्व. भूपेंद्र सिंह की पत्नी एवं प्रसिद्ध गजल गायिका मिताली सिंह को लता सम्मान प्रदान किया जाएगा। राज्य स्तरीय गायन प्रतियोगिता का आयोजन 1 फरवरी को होगा। अंतर्राष्ट्रीय गायक प्रसन्ना राव 2 फरवरी को अपनी प्रस्तुति देंगे। कमला देवी संगीत महाविद्यालय के छात्रों द्वारा कथक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।



### समापन के मुख्य अतिथि होंगे शेखावत

छत्तीसगढ़ के भूतपूर्व मुख्य सचिव आरपी मंडल 3 फरवरी को बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। भारत के लेफ्टिनेंट जनरल एवं कमांडिंग ऑफिसर मध्य भारत पदम सिंह शेखावत समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। गिटार वादक निहाल सिंह, युवा बैंड द्रुत और खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के छात्र अपनी-अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके लिए प्रबंधन ने तैयारी पूरी कर ली है।



**हेल्थ लाइव**

## स्वास्थ्य सचिव ने कुष्ठ रोगियों से की मुलाकात, कर्मियों को दिलाई शपथ




**रायपुर।** राष्ट्रीय कुष्ठ रोग दिवस के अवसर पर कुष्ठ प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा परिसर में गुरुवार को एक कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के सचिव अमित कटारिया ने कुष्ठ रोगियों से मुलाकात की। साथ ही कुष्ठ संस्थान एवं स्वास्थ्य मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय में प्रशिक्षण ले रहे मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं जम्मू कश्मीर के चिकित्सकों के बीच कुष्ठ रोग के उन्मूलन में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लेने का आव्हान किया। इस मौके पर श्री कटारिया ने प्रशिक्षार्थियों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को कुष्ठ के लिए कार्य करने एवं जन जागरूकता बढ़ाने शपथ दिलाई।

### परिसर का भ्रमण कर किया ओटी का निरीक्षण

1979 से संचालित इस संस्थान में पहली बार राज्य के स्वास्थ्य सचिव का दौरा हुआ। उन्होंने संस्थान परिसर का भ्रमण कर ओटी का निरीक्षण और सनातन के लैब में कुष्ठ रोग के कीटाणु का माइक्रोस्कोप में अवलोकन भी किया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाएं की संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला, स्वास्थ्य मंत्रालय में सलाहकार डॉ. कृष्णमूर्ति काम्बले, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, निदेशक डॉ. संदीप जोगदंड एवं राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. मुकेश सोनी आदि उपस्थित थे।

**राजधानी के संगीत महाविद्यालयों और आस्था केंद्रों में तैयारी, सामाजिक आयोजन भी होंगे खास**

# विद्या की देवी के समक्ष गीत-संगीत की सरगम सजाने की तैयारी, बसंत ऋतु का करेंगे स्वागत

*विद्या की देवी का पूजन इस बार भी खास होने वाला है। इसके लिए संगीत कॉलेजों में गीत-संगीत के माहौल में ही सरस्वती पूजा की तैयारी है। इस आयोजन को खास बनाने के लिए भजनों की प्रस्तुति भी होने वाली है। वहीं आस्था केन्द्रों में विद्या की देवी का सुबह पूजा-अर्चना विधि-विधान से किया जाएगा। इस दिन ही ऋतुओं के राजा बसंत का जीवन में प्रवेश होता है। देवांगन समाज द्वारा हर्षोल्लास से माता परमेश्वरी की पूजा को महोत्सव का रूप दिया जाता है।*




**रायपुर।** इस बार शहर में बसंत पंचमी की धूम दो दिन मचने वाली है। कुछ लोगों ने बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर भी विद्या की देवी का पूजन करने के साथ ही उन्हें भावपूर्ण प्रस्तुतियों से भी सजाने की तैयारी में हैं। अभी परीक्षा की तैयारी लगभग सभी विद्यार्थियों ने शुरू हो गई है। इसके बाद भी उत्सव को संवारने के लिए गीत-संगीत के साथ नृत्यों की श्रृंखला सजने वाली है। इसके लिए कॉलेज प्रबंधन ने भी तैयारी की है। हालांकि आयोजन भव्य तो नहीं होंगे, लेकिन विद्या की देवी का पूजन करने के बाद उन्हें संगीत और सरगम के साथ भजनों की श्रृंखला सजाने वाले हैं। स्कूलों में हालांकी इस बार भव्य आयोजन की तैयारी नहीं है। इसके बाद भी आस्था से जुड़े इस खास मौके पर भक्तिमय माहौल में पूजा-अर्चना की जाएगी।

### शाम को सजेगी भजनों की श्रृंखला

कमला देवी संगीत महाविद्यालय में इस बार बसंत पंचमी के अवसर पर 3 फरवरी पूजा और आयोजन होने वाला है। प्राचार्य डॉ. आरती सिंह ने बताया कि इस बार पंचमी तिथि का उदय काल तीन फरवरी को मिल रहा है। वहीं दो फरवरी को दोपहर से बसंत पंचमी के लिए संपूर्ण समय मिल रहा है। इस वजह से कॉलेज कैंपस के रविन्द्र मंच पर शाम को विद्या की देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना के बाद भजनों की कुछ प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसमें नृत्यों की प्रस्तुति को परीक्षा के लिहाज से शामिल नहीं किया जा रहा है।



### पूर्व संध्या पर होंगी कई प्रस्तुतियां

इसी तरह श्रीराम संगीत महाविद्याल में बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर दो फरवरी की शाम 5 बजे से मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की जाएगी। कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉ.राजश्री नामदेव ने बताया कि इस बार शाम को होने वाली पूजा के बाद विद्यार्थियों द्वारा भजनों के साथ ही नृत्यों से भी वीणा धारिणी की आराधना की जाएगी। इसके लिए अलग-अलग विधा के विद्यार्थियों ने तैयारी की है। इसे सीमित श्रृंखला में पेश किया जाएगा। इसके लिए आयोजन की जिम्मेदारी संभालने वाल लोगों को अवगत भी कराया गया है।

### परमेश्वरी पूजा में जुटेगा समाज

इस बार भी बिरगांव राज देवांगन समाज के अध्यक्ष होरीलाल देवांगन और उनके सहयोगी परमेश्वरी पूजा का भव्य आयोजन की तैयारी में हैं। इस अवसर पर कलश यात्रा के साथ ही सामाजिक आयोजन भी होंगे। इसमें समाज का हर वर्ग शामिल होगा। इस बीच परिचय सम्मेलन का भी आयोजन किया जाता है। साथ इस आयोजन को उत्सव का रूप देने के लिए कई तरह के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन की श्रृंखला भी सजाई जाएगी। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के लोगों ने जिम्मेदारी भी तय की है।

### सरस्वती पूजन संग संगीत संध्या

बसंत पंचमी के अवसर पर पंडित गुणवंत माधवलाल व्यास स्मृति संस्थान द्वारा पारंपरिक आयोजन किया जा रहा है। रविवार 2 फरवरी की शाम 4 बजे से संस्था ने व्यास भवन बूढ़ापारा में भव्य सरस्वती पूजन एवं संगीत संध्या का आयोजिन किया है। इसमें नए और वरिष्ठ संगीत के साधक, गुरूओं के द्वारा भी विद्या की देवी के सम्मुख स्वरांजलि दी जाएगी। संस्था के संयोजक दीपक व्यास ने बताया कि श्रोताओं के लिए निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की गई है। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग आयोजन में शामिल हो सकें।

# मिनार्क खरमास महीनेभर रहेगा प्रभावी 14 अप्रैल के बाद फिर सजेंगे लग्न मंडप

**6 मार्च के बाद मांगलिक आयोजनों के लिए नहीं मिलेगा शुभ मुहूर्त**

**रायपुर।** सनातन धर्मानुरागी सभी मांगलिक आयोजन करने से पहले शुभ मुहूर्त जरूर देखते हैं। अगर वैवाहिक समारोह के लिए सही समय और शुभकारी संयोग नहीं मिलते हैं तो ऐसी स्थिति में लोग विवाह समारोह कराने से बचते हैं। इसके चलते 25 फरवरी को अंतिम शुभ घड़ी मिल रही है। 12 मार्च तक ही अच्छा संयोग मिल रहा है। इसके बाद 14 मार्च की शाम 6.51 बजे मीन राशि में सूर्य का प्रवेश होते ही मिनार्क खरमास प्रभावी होने वाला है, जो इस बार भी महीनेभर शुभ कार्यों पर विराम लगाने वाला है। पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि सांसारिक लोग घर में शुभ काम करने से पहले योग, संयोग और मुहूर्त अच्छा मिलने पर भी मांगलिक आयोजन करते हैं, इसलिए बैंड की धूम कम होगी।



### महीनेभर वैवाहिक आयोजनों की धूम

14 मार्च से भले ही महीनेभर का विराम लगने वाला है, लेकिन फरवरी में शादी-सगाई सहित सभी तरह के शुभ कार्यों के लिए ढेरों मुहूर्त मिल रहे हैं। फरवरी में 2, 3, 6, 7, 12, 13, 14, 15, 16, 18, 19, 21, 23 और 25 को लग्न वेदी सजाने के लिए लोगों को 14 दिन मिल रहे, यानी 28 दिन के महीने में लोगों को 14 दिन शुभ कार्यों के लिए अच्छे मुहूर्त मिल रहे हैं। इसके चलते इस महीने में बैंड-बाजे की धूम बारातों में होने वाली है। मार्च में 1, 2, 6, 7 और 12 मार्च को भी शादी समारोह कर सकेंगे।

### शादी-सगाई के लिए पहले से बुकिंग

शहर के बैंड-बाजा दल से जुड़े रोशन यादव ने बताया कि बैंड पार्टियों के पास इन दिनों फरवरी के लिए लोगों ने पहले से ही बुकिंग करा ली है। इस महीने में शुभ मुहूर्त मिलने से मैरिज हॉल, पैलेस, रिसॉर्ट और होटल पहले से ही बुक हैं। ग्रामीण क्षेत्र में भी होने वाले वैवाहिक आयोजन के लिए आमंत्रण ज्यादा हैं। व्यापारी भी इस मुहूर्त को भुनाने में लगे हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि 14 अप्रैल तक गर्मी तेज होती है, इसे देखते हुए जिन लोगों का रिश्ता तय है, उनके लिए लग्न मंडप सजाने की तैयारी परिजनों ने किया है। पंडितों के पास भी हर मुहूर्त का हिसाब है। इसके लिए वे आपसी तालमेल भी बना रहे हैं।

# किन्नर अखाड़े की गुरु ने सौम्या को दी महामंडलेश्वर की उपाधि



**रायपुर।** शहर की किन्नर साध्वी सौम्या मां प्रयाग तीर्थराज में महाकुंभ का हिस्सा बनीं। जहां महाकुंभ के पहले अमृत स्नान के अवसर पर अर्धनारीश्वर धाम की वैष्णव किन्नर अखाड़े की जगत गुरु हिमानी सखी मां द्वारा साध्वी सौम्या मां का पट्टाभिषेक किया गया। साथ ही उन्हें आध्यात्म जगत में श्रीश्री 1008 किन्नर महामण्डलेश्वर साध्वी सौम्या सखी दीदी मां की उपाधि से विभूषित भी किया। नामकरण के बाद साध्वी सौम्या मां द्वारा प्रथम अमृत स्नान 14 जनवरी को किया गया। इससे संत समाज में हर्ष का भी माहौल है। पहले अमृत स्नान के बाद प्रयागराज महाकुंभ संगम से अमृत कलश में जल धारण किया।

**राजधानी की साध्वी को महाकुंभ में मिली नई पहचान**

### श्रद्धालुओं के साथ अमृत स्नान

किन्नर साध्वी प्रदेश के लोगों की मंगलकामना के लिए द्वितीय अमृत स्नान यानी 29 जनवरी को अमृत कलश लेकर पदयात्रा करते हुए खारुन गंगा मैया घाट पहुंचीं। जहां सभी श्रद्धालुओं के बीच अमृत कलश के जल का छिड़काव किया। इस अवसर पर साध्वी के साथ आए संतों ने उपाधि की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके बाद खारुन गंगा मैया के घाट पर पहुंचे सभी लोगों के सुख, समृद्धि और निरोग रहने के लिए कामना की। साथ ही खारुन गंगा मैया में श्रद्धालुओं के साथ अमृत स्नान किया।

**केंद्रीय बजट में शहर के व्यापारी जीएसटी कार्यप्रणाली में चाहते हैं बड़ा बदलाव**

# विद्यार्थी, किसान ही नहीं महिलाएं और व्यापारी बजट में चाहते हैं राहत के साथ नई सुविधाएं

**कार्नर न्यूज**


**रायपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करने वाली हैं। अर्थशास्त्री ही नहीं, बल्कि व्यापारी, विद्यार्थी, किसान, महिलाएं एवं मध्यम वर्ग भी बजट से बड़ी उम्मीद लगाए बैठा है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था, कृषि, इंटरप्रेन्योरशिप, शिक्षण प्रणाली, स्वास्थ्य, उद्यमियों जैसे जरूरी सेक्टर को तेजी से आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। केंद्र सरकार इस बार बजट में रेलवे, सड़क, डिफेंस, किसान, महिला सशक्तिकरण पर निवेश करने वाली हैं। वित्त मंत्री सुबह 11 बजे संसद में 2025 का बजट पेश करेंगी। तब छत्तीसगढ़ के अलग-अलग क्षेत्र और वर्ग से जुड़े लोगों की आस होगी कि सरकार ने इस बजट में हमें कितनी राहत के साथ किस तरह की नई सुविधा दी है। इस वर्ष वित्त मंत्री ने इनकम टैक्स में लोगों को राहत देने की बात कही है।

### टैक्स घटाने की जरूरत




गृहिणी मुक्ता तिवारी ने कहा कि महंगाई होने से मध्यमवर्गीय परिवार को अधिक समस्याएं होती हैं। इन दिनों तेल, राशन, चावल, दाल, गैस आदि दिनचर्या में उपयोग आने वाली वस्तुओं की कीमत बढ़ती जा रही है। ये डेलीनीड्स की वस्तुएं हैं, जिन्हें दिनचर्या से हटाया नहीं जा सकता। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर भी अधिक जीएसटी लगाया जा रहा है।

### नए रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर का निर्माण




बीबीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थी प्रथम राव फुटाने ने बताया कि देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। वर्तमान में केंद्र सरकार को विद्यार्थियों के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर के निर्माण पर अधिक जोर देने की जरूरत है। इससे विद्यार्थी नई अनुसंधान प्रक्रिया में अधिक बेहतर कार्य कर सकते हैं। इस बजट सत्र में इंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा मिलना चाहिए।

### उद्योगों में महिलाओं की सहभागीदारी




विद्यार्थी हर्षित कौर ने बताया कि बजट में एज्युकेशन सिस्टम पर बजट तय होने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों की कमी लगती है। मेरे अनुसार इन क्षेत्रों में अच्छी लाइब्रेरी और साइंस सेंटर निर्माण करने की आवश्यकता है, जिससे स्कूली विद्यार्थियों को शिक्षा के नए दिशा में बढ़ावा मिलेगी। इन दिनों महिला सशक्तिकरण की बात की जाती है, लेकिन महिलाएं आंगनबाड़ी तक ही सिमटकर रह गई है। महिलाओं को उद्योगों में भी मौका मिलना चाहिए और उनकी निर्मित वस्तुओं को अच्छी कीमत पर सरकार को खरीदना चाहिए। अंत में पर्यावरण संरक्षण को लेकर अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता है। देश के प्रत्येक शहर को ग्रीन सिटी बनाने पर ध्यान देना चाहिए। ऐसे में पर्यावरण को लेकर भी सरकार द्वारा नया बजट पारित करने की जरूरत है।

### टैक्स प्रोसेस सरल करे केंद्र सरकार



व्यापारी विमल कुमार जैन का मत है कि व्यापारियों को जीएसटी जमा करने के प्रक्रिया में दिक्कत हो रही है। रिटेलर को पूर्ण भुगतान के बाद भी कई बार उनकी तरफ से टैक्स जमा नहीं होता है। इसके कारण व्यापारियों को भुगतान करना पड़ता है। वही सभी सामान का अलग एचएसएन कोड होता है, जिसे खरीदी के आधार पर छह और आठ डिजिट में लिखा जाता है। कई पूजन सामग्रियों पर टैक्स नहीं लिया जाता है, जैसे नारियल, मौली धागा, लेकिन पूजन सामग्री के पैकेट की बिक्री पर टैक्स लिया जाता है, ऐसी स्थिति में व्यापारियों को खरीदी-बिक्री में समस्या आ रही है। अपील है जीएसटी जमा करने के प्रक्रिया को सरल बनाएं, ताकि व्यापारी सीधे सरकार को टैक्स दे सकें।

### पटाखों पर टैक्स कम करना चाहिए



व्यापारी मुकेश राठोर ने बताया कि टैक्स के चलते अब सभी वस्तुएं महंगी होती जा रही हैं। इस बजट में टैक्सेशन में अधिक न बदलाव आए तो बेहतर रहेगा, जिससे दिनचर्या में अधिक बदलाव देखने नहीं मिलेगा। वही बीते 2-3 सालों में पटाखों के कीमतों में उछाल देखा गया है, वर्तमान समय में 18 प्रतिशत जीएसटी दिया जाता है। सरकार से अपील है कि अन्य वस्तुओं की तरह पटाखों पर जीएसटी कम रखे, जिससे खरीदार और व्यापारी दोनों को लाभ होगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### रणजी ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के रवि ने लिए 5 विकेट



**भिलाई।** बी.सी.सी.आई. द्वारा रणजी ट्रॉफी 2024-25 के दूसरे राउंड का आयोजन 23 जनवरी से किया जा रहा है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का सातवां मैच (30 जनवरी से 02 फरवरी) रायपुर में चंडीगढ टीम के विरुद्ध खेला जा रहा है। पहले दिन छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से बल्लेबाज प्रतीक यादव तथा तेज गेंदबाद प्रशांत साई पैंकरा ने प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया। चंडीगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 80.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 283 रन बनाये। चंडीगढ़ की ओर से गुरिंदर सिंह ने शानदार पारी खेलते हुये 113 रन बनाए। उनके अतिरिक्त अमृत लाल लुबाना ने 92 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से रवि किरण ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 5 विकेट, सुमित रुइकर तथा प्रशांत साई पैंकरा ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 13 रन बना लिये है। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 270 रनों से पीछे है।

### छत्तीसगढ़ के शशांक बीसीसीआई आलराउंडर प्लेयर ऑफ द इयर



**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. द्वारा छत्तीसगढ़ के आलराउंडर खिलाडी शशांक सिंह को 2023-24 हेतु बीसीसीआई घरेलु सीमित ओवर के सर्वश्रेष्ठ आलराउंडर खिलाडी चुना गया है। शशांक ने बी सी सी आई के 2023-24 सत्र में सीमित ओवर टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था। बी.सी.सी.आई. द्वारा 01 फरवरी 2025 को मुंबई में आयोजित होने वाले पुरस्कार समारोह 'नमन' में उन्हें लाला अमरनाथ अवार्ड फॉर द बेस्ट ऑलराउंडर इन डोमेस्टिक लिमिटेड ओवर्स कॉम्पिटिशन-2023-24 पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### अंडर-19 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट में बिलासपुर सेमीफाइनल में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा मेंस अंडर–19 एलिट ग्रुप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने बताया कि चौथा मैच बिलासपुर ब्लू बनाम बीसीए के मध्य खेला गया। जिसमें बिलासपुर ब्लू के कप्तान आदित्य श्रीवास्तव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और पहले बल्लेबाजी करते हुए 66.3 ओवर में 252 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। बिलासपुर ब्लू की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कप्तान आदित्य ने 69 गेंद में 9 चौकों की मदद से 51 बनाएं, आर्यन जायसवाल ने भी 64 गेंद का सामना करते हुए चार चौकों और तीन छक्को की मदद से 50 रनों का योगदान दिया, इसके अलावा विशेष सिंह 47 रन अयान उपाध्याय 39 और मोहम्मद साद ने 31 रनों की पारी खेली। बीसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए रुद्र नारायण वर्मा ने पांच विकेट यथार्थ सिंह चौहान और दिवाकर ताम्रकार ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। इसके पश्चात बीसीए ने अपनी पहली पारी खेलते हुए पहले दिन की समाप्ति पर 21 ओवर में बिना विकेट के 19 बना लिए थे। दूसरे दिन आगे खेलते हुए 49.5 ओवर में आर्यन जायसवाल की घातक गेंदबाजी के सामने मात्र 93 रनों पर पूरी टीम आउट हो गई। बीसीए की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कप्तान वी इशांत राव ने सबसे अधिक 38 रन और मोहम्मद अयान ने 18 रनों की पारी खेली. बिलासपुर ब्लू की ओर से आर्यन जायसवाल ने 6.4 ओवर में 13 रन देकर 7 बहुमुल्य विकेट प्राप्त किए और धनंजय नायक ने दो विकेट कप्तान आदित्य श्रीवास्तव ने एक विकेट प्राप्त किया। इस तरह बिलासपुर ब्लू ने बीसीए से पहली पारी में 159 की बढ़त बनाई. दूसरी पारी में खेलते हुए दूसरे दिन की समाप्ति पर 53 ओवर में 8 विकेट खोकर 179 बना लिए. तीसरे दिन बिलासपुर ब्लू ने आगे खेलते हुए 60.2 ओवर में 211 रन बनाकर आउट हो गई और 370 रन की बढ़त बना ली बिलासपुर ब्लू की ओर से बल्लेबाजी करते हुए धनंजय नायक सबसे अधिक नाबाद 53 रन बनाए ,विशेष सिंह ने 45 रन जयंत यादव ने 40 रन आर्यन जायसवाल ने 22 रन का योगदान दिया. बीसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए दिवाकर ताम्रकार और आयुष कुमार सिंह ने तीन तीन विकेट और यथार्थ ने 2 विकेट और रुद्र ने एक विकेट प्राप्त किए हैं। इसके पश्चात बीसीए ने 371 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 45.4 ओवर में 129 रन बनाकर आउट हो गई।

### बदलती जीवनशैली ने युवाओं की सेहत को किया है प्रभावित

# नौजवानों की दिमागी सेहत हो रही प्रभावित, ओसीडी से जुड़े मिथ्स और फैक्ट्स को ध्यान में रखना जरूरी


मानसिक स्वास्थ्य की बढ़ती समस्याओं में ओसीडी की दिक्कत काफी सामान्य होती जा रही है। व्यवहार में विकार से संबंधित यह बीमारी किसी को भी हो सकती है। ओसीडी यानी कि ऑब्सेसिव-कंपल्सिव डिसऑर्डर, इसमें व्यक्ति को अक्सर कुछ बातों को लेकर चिंता बनी रहती है। वह न चाहते हुए भी एक ही काम को बार-बार दोहराते रहते हैं। इस तरह की आदतों के चलते कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ओसीडी के लक्षण ज्यादातर स्थितियों में हल्के होते हैं पर कुछ लोगों में यह व्यवहार में गंभीर समस्याओं का भी कारण बन सकती है। बिहेवियर पर कंट्रोल न होने के कारण सामाजिक और मानसिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ओसीडी की स्थिति वैसे तो ज्यादा गंभीर नहीं होती है, हालांकि अक्सर लोगों को इसके बारे में सही जानकारी नहीं होती है जिसके कारण यह समस्या बढ़ जरूर सकती है। इसको लेकर हमारे समाज में कई तरह के मिथ्स हैं जिनको ज्यादातर लोग सच मानते आ रहे हैं। आइए ओसीडी की समस्या और इससे जुड़े कुछ मिथ्स और फैक्ट्स के बारे में जानते हैं।



### ओसीडी के बारे में जानिए

ओसीडी, जैसा कि ऊपर बताया गया कि यह व्यवहार से संबंधित समस्या है, इसमें लोगों को कुछ विशेष प्रकार का डर होता है जिसे ठीक करने के लिए वो बाध्यकारी रूप से बार-बार प्रयास करते रहते हैं। सफाई होने के बाद भी गंदगी नजर आते रहना। किसी प्रकार की अनिश्चितता को लेकर परेशान रहना। नियंत्रण खोने की समस्या जिसमें खुद को या दूसरों को नुकसान पहुंचाने के विचार आते हैं। आइए ओसीडी के बारे में कुछ मिथ्स के बारे में जानते हैं जिन्हें अक्सर ज्यादातर लोग सच मानते आ रहे हैं।

### मिथ- ओसीडी को ठीक नहीं किया जा सकता है



फैक्ट- ओसीडी की समय पर पहचान कर उचित उपचार और थेरेपी के माध्यम से इसे ठीक किया जा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बहुत से लोग ओसीडी का इलाज नहीं कराते क्योंकि उनके मन में शर्म और झिझक की भावना होती है। पर अगर समय रहते स्थिति का निदान और इलाज करा लिया जाए तो इसे आसानी से ठीक किया जा सकता है।

### मिथ-ओसीडी सिर्फ बुजुर्गों को ही होती है

फैक्ट- ओसीडी किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है। 15 साल से कम आयु के बच्चों और 60 साल की आयु के बुजुर्ग को भी यह समस्या हो सकती है। इसके कई कारक हैं जिनपर ध्यान देना बहुत आवश्यक है। तनाव के शिकार लोगों में ओसीडी के लक्षण ट्रिगर हो सकते हैं। यदि इसे अनुपचारित छोड़ दिया जाए तो इसके कारण अवसाद जैसी समस्याओं का जोखिम हो सकता है।

### मिथ- ओसीडी के शिकार लोग जीवन के सामान्य कामकाज नहीं कर सकते



फैक्ट- ओसीडी की समस्या में भी आप सामान्य जीवन जी सकते हैं, डॉक्टर कहते हैं- ज्यादातर लोगों को पता भी नहीं होता है कि उन्हें ओसीडी है और वे सामान्य जीवन जीते हैं। हां अगर लक्षण बिगड़ रहे हैं और इसके कारण व्यवहार में अप्रत्याशित रूप से बदलाव देखा जा रहा है तो इस बारे में समय रहते विशेषज्ञ से मिलकर इलाज की प्रक्रिया जरूर शुरू कर लेनी चाहिए।



## क्या आप भी अपने सारे काम बाएं हाथ से करते हैं? जानें कैसी है आपकी पर्सनैलिटी

हम सभी का व्यक्तित्व एक दूसरे से अलग होता है, जिसकी वजह से हमारी पहचान भी अलग होती है। किसी की पर्सनैलिटी में छिपी खूबियों और खामियों का पता लगा पाना कठिन होता है।

आपने शायद बाएं हाथ के काम करने वालों के बारे में इतनी गहराई से कभी नहीं सोचा होगा, लेकिन यह बात सच है कि दुनिया की कुल जनसंख्या का 10 प्रतिशत हिस्सा इन लोगों का है। हम शायद इनके बारे में तब तक नहीं सोच पाते हैं जब तक अपने बगल में बैठे किसी मित्र को बाएं हाथ से खाना खाते हुए, बाएं हाथ से लिखते हुए या फिर बाएं हाथ से क्रिकेट का बल्ला पकड़े हुए नहीं देखते।

दरअसल अक्सर हमारे आस-पास कोई न कोई ऐसा व्यक्ति दिख ही जाता है जो अपने कामों को करने के लिए बाएं हाथ का इस्तेमाल करता है। लेकिन आप में से कितने लोगों ने कभी इस बात का पता लगाने की कोशिश की है कि आखिर इन लोगों की खासियत क्या है?

आखिए ऐसे लोगों का स्वभाव कैसा होता है और ऐसे लोगों को पर्सनैलिटी आम लोगों से अलग क्यों है? अगर आप भी उनमें से हैं जो बाएं हाथ से काम करते हैं तो यहां ज्योतिषाचार्य डॉ आरती दहिया से अपनी पर्सनैलिटी के बारे में विस्तार से जरूर जानें।

### बाएं हाथ से काम करने वाले चुनौतियों का आसानी से करते हैं सामना




अक्सर देखा जाता है कि जो लोग अपने काम बाएं हाथ से करते हैं यानी लेफ्टी लोग अक्सर चुनौतियों का सामना आसानी से करते हैं। ऐसे लोग किसी भी परेशानी से घबराते नहीं हैं और समस्याओं का समाधान ढूंढ़ने में ज्यादा समय नहीं लगाते हैं। उनमें उच्च स्तर का धैर्य और किसी भी समस्या को हल करने की इच्छाशक्ति होती है। बाएं हाथ से काम करने वाले लोग छोटी उम्र से ही समाधान निकालना और अपने लाभ के लिए परिस्थितियों को अपने अनुरूप ढालने का काम कर लेते हैं।

### बाएं हाथ से काम करने वाले लोग रचनात्मक और सहज होते हैं



बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दाहिने हाथ से काम करने वालों की तुलना में ज्यादा रचनात्मक और सहज होते हैं। ये लोग किसी भी काम को अंजाम देने से घबराते नहीं हैं। उनमें उच्च स्तर की कल्पना शक्ति होती है। बाएं हाथ के लोग अधिक विश्लेषणात्मक, रचनात्मक और मौखिक होते हैं और हर स्थान पर बेहतर भाषा कौशल का प्रदर्शन करते हैं। बाएं हाथ से काम करने वाले लोगों में लीडरशिप क्वालिटी होती है बाएं हाथ से काम करने वाले लोगों में नेतृत्व क्षमता बहुत अच्छी होती है। आमतौर पर बाएं हाथ से काम करने वाले लोग अच्छे कलाकार, निर्माता और खिलाड़ी बन सकते हैं। ये लोग किसी भी समस्या या स्थिति को अधिक सहजता से देखते हैं। बाएं हाथ से काम करने वाले लोगों की सोच दूसरों से भिन्न होती है, जिसका अर्थ है कि वे किसी समस्या को अलग दृष्टि से देखते हैं और एक तार्किक समाधान के साथ समस्या का सामना करने के साथ समाधान की कई संभावनाएं भी बनाते हैं।

## बेडरूम में इन स्थानों पर रखें मोर के पंख, रिश्ते में आएगी मिठास



घर के कुछ विशेष स्थानों पर यदि आप वास्तु नियमों के अनुसार चीजों का निर्धारण करते हैं तो जीवन में सदैव खुशहाली बनी रहती है और किसी भी दोष से मुक्ति मिलती है।

हम सभी अपने घरों को अलग-अलग खूबसूरत चीजों से सजाते हैं। घर की हर चीज को यदि वास्तु के अनुसार रखा जाता है या फिर सजावटी सामानों को भी वास्तु नियमों के अनुसार रखा जाता है तो घर में सदैव खुशहाली बनी रहती है। घर में पौधे रखना हो, दीवारों को विभिन्न रंगों से सजाना हो या फिर किसी भी कमरे की सजावट हो, यदि वास्तु को ध्यान में रखकर चीजों का निर्धारण होता है तो ये घर के लोगों के बीच सामंजस्य स्थापित करने का एक तरीका माना जाता है। ऐसे ही यदि आप घर के बेडरूम में कुछ चीजें रखती हैं तो इससे पति-पत्नी के रिश्ते मजबूत होते हैं। इन्हीं चीजों में से एक है मोरपंख। ऐसी मान्यता है कि यदि बेडरूम में मोरपंख कुछ विशेष स्थानों पर रखा जाता है तो इससे आपसी झगड़ों से राहत मिलती है और प्रेम बढ़ता है। आइए वास्तु विशेषज्ञ मधु कोटिया जी से जानें बेडरूम में मोरपंख रखने के फायदे और सही जगह के बारे में।

### घर में मोर पंख रखने के फायदे

यदि आप अपने घर के कुछ विशेष स्थानों पर मोर पंख (किताब में मोरपंख रखने से क्या होता है) रखते हैं तो इसके कई लाभ आपको मिल सकते हैं। घर में मोर पंख रखने से सकारात्मकता बनी रहती है और यह आपके घर में खुशियां और सौभाग्य लाने में मदद करता है।

घर के मंदिर में मोर पंख रखने से आपके घर में कभी धन धान्य की कमी नहीं होती है और ईश्वर की कृपा हमेशा बनी रहती है। मोर को भगवान कार्तिकेय के वाहन के रूप में पूजा जाता है। कार्तिकेय को हमेशा से ही विजय के देवता के रूप में देखा जाता है और यदि आप मोर का पंख घर में रखते हैं तो इससे आपको शत्रुओं से विजय प्राप्त करने में मदद मिलती है। वास्तु में कहा जाता है कि यदि किसी को व्यापार में लाभ न मिल रहा हो तो उसे अपने कैश बॉक्स में सात पंख रखने चाहिए। इसके अलावा, घर में दक्षिण कोने में पंख रखने से किसी भी तरह की नकारात्मक ऊर्जा का वास नहीं रहता है।

वास्तु के अनुसार मोर पंख में प्राकृतिक रोगाणुरोधी एजेंट मौजूद होते हैं जो आपके शयनकक्ष के वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

## किचन के कुछ जुगाड़ आपके काम को कर देंगे आसान

आज ज्यादातर युवा काम के सिलसिले में 12-14 घंटे बाहर रहता है। ऐसे में घर आकर किचन के काम निपटाना सबसे बड़ा टास्क लगता है। मैं खुद जब बहुत थक जाती हूं, तो अक्सर खाना ऑर्डर करती है। इससे समय भी बचता है और मुझे किचन में घंटों खड़े नहीं रहना पड़ता, लेकिन पैसा बहुत बर्बाद होता है। ऐसे ही कई लोगों को किचन में रोजमर्रा के काम कभी-कभी समय लेने वाले और झंझट भरे लगते हैं। सब्जियों को जल्दी काटना, बर्तन साफ करना या फूड स्टोर करने में भी आलस आता है। लेकिन अगर आप कुछ आसान और कारगर जुगाड़ अपनाएं, तो न केवल आपका समय बचेगा, बल्कि आपके पैसे भी बच सकते हैं। यहां हम आपको पांच ऐसे शानदार किचन ट्रिक्स बता रहे हैं, जो आपके काम को आसान बना देंगे।

### प्याज फ्राई करने की आसान ट्रिक

बिरयानी या पुलाव में ऊपर से कुरकुरे प्याज एक अलग स्वाद देते हैं। मगर प्याज को फ्राई करने के दौरान वह जल जाते हैं या बहुत ज्यादा तेल सोख लेते हैं। कई लोग इस काम से बचते हैं, इसे सही तरीके से क्रिस्पी और गोल्डन ब्राउन किया जा सकता है। आप यह ट्रिक अपनाएं: पहले प्याज को ठंडे पानी में 5 मिनट तक भिगोकर रखें। फिर उन्हें गर्म पानी में डालकर तुरंत निकालकर अलग रख लें। अब इन प्याज के ऊपर हल्का-सा कॉर्न फ्लोर छिड़कें। पैन में तेल गर्म करें और इन्हें गर्म तेल में फ्राई करें। इस तकनीक से प्याज क्रिस्पी और कम तेल सोखने वाले बनते हैं।

### मूंगफली को कुरकुरा बनाने की ट्रिक



मूंगफली को छीलकर उसे कड़ाही में भूनना बड़ा टास्क हो सकता है। ऐसे में मूंगफली कुरकुरी हो या न हो, लेकिन जल जाती है। अगर आप मूंगफली को कुरकुरी और स्वादिष्ट बनाना चाहते हैं, तो इसे सीधे भूनने की बजाय पहले यह तरीका अपनाएं: सबसे पहले मूंगफली को छिलके सहित पानी में 10 मिनट तक भिगोएं। फिर इसे कुकर में डालकर मीडियम आंच पर रखें।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

मैट्रेस MATTRESS
ऑफर कुछ दिनों के लिए
पुराना देकर नया ले जाये

| 5 इंच मोटा | 6 इंच मोटा | 8 इंच मोटा |
| --- | --- | --- |
| 11500 MRP | 17000 MRP | 20500 MRP |
| 3000 लेस | 5000 लेस | 6500 लेस |
| 8500 | 12000 | 14000 |
| 4000 | पुराना- 5000 | पुराना - 6000 |
| 4500 | गद्दा 7000 | गद्दा 8000 |

संजय रुई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

LOCK & PULL
LOCK AND PULL THE HARDWARE SHOP
Hettich HÄFELE blum DURO SPACE YOUR SPACE OUR TOUCH
MODULAR KITCHEN AND HARDWARE
MODULAR WARDROBE
CALL NOW 0771-4903490
SHOPPERS PARADISE, 21, NEAR CITY CENTER MALL, PANDRI, RAIPUR, CHHATTISGARH 492009
SHOP NO. 1 AND SHOP NO. 2 LAKE VIEW APARTMENT, BANDHA TALAB, GANJPARA, DURG, CHHATTISGARH 491001

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## आखिर किस बात पर भड़की मैडोना एक्स पोस्ट के जरिए कही ये बात



पॉप आइकन मैडोना ने ट्रांसजेंडर लोगों से सुरक्षा हटाने और विविधता, समानता और समावेश के प्रयासों को समाप्त करने के फैसले के लिए नवनिर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की आलोचना की है। मैडोना ने नागरिकों से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने की अपील की है। ट्रंप ने पेंटागन से एक समीक्षा करने को कहा जिसके तहत संभवतः ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सैन्य सेवा से बाहर करने की दिशा में कदम जा सकता है।

लंबे समय से एलजीबीटीक्यू समुदाय की समर्थक रहीं मैडोना ने इस फैसले को लेकर एक्स पर अपनी निराशा व्यक्त की। उन्होंने लिखा, ₹यह देखना इतना दुखद है कि हमारी नई सरकार धीरे-धीरे उन सभी स्वतंत्रताओं को खत्म कर रही है, जिनके लिए हम वर्षों से संघर्ष कर रहे थे और जिन्हें हम जीत चुके हैं। संघर्ष को जारी रखें..।₹ उन्होंने इस पोस्ट के साथ एलजीबीटीक्यू का ध्वज और टूटे हुए दिल की इमोजी भी साझा किया।

इससे पहले गायिका और अभिनेत्री सेलेना गोमेज ने भी ट्रंप प्रशासन के उस रुख पर आक्रोश जताया था, जिसमें अवैध रूप से देश में रह रहे अप्रवासियों को निर्वासित करने का निर्णय लिया गया था। सेलेना ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में आंसू बहाते हुए कहा था, ₹मेरे लोग, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं, हमलावरों का शिकार हो रहे हैं... । मुझे नहीं पता कि क्या करना है। मैं हर संभव कोशिश करूंगी, मैं वादा करती हूं,"। हालांकि, यह वीडियो अब हटा दिया गया है।

### टॉलीवुड

## राजामौली की फिल्म में सुकुमारन को लेकर संशय का माहौल



सुपरस्टार महेश बाबू और एस एस राजामौली अपनी एक्शन एडवेंचर फिल्म को लेकर काफी ज्यादा सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म का अस्थाई नाम 'एसएसएमबी 29' रखा गया है। फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर प्रियंका चोपड़ा नजर आ सकती हैं।

जहां एक ओर इस फिल्म को लेकर फैंस में जबर्दस्त उत्साह है। वहीं, दूसरी ओर मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन के इस फिल्म में काम करने को लेकर भी तरह-तरह के दावे किए जा रहे हैं। हाल ही में अभिनेता ने पिंकविला से बात करते हुए इस मुद्दे पर अपने खास अंदाज में जवाब दिया।

पृथ्वीराज ने कहा, "लगता है कि सभी लोग मुझसे ज्यादा इस फिल्म के बारे में जानते हैं। देखिए, अभी तक कुछ भी कंफर्म नहीं है। बहुत कुछ अभी तय होना बाकी है। जब सब कुछ तय हो जाएगा, तब हम देखेंगे।"

बता दें कि हाल ही में मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि एस एस राजामौली पृथ्वीराज की जगह जॉन अब्राहम को इस भूमिका के लिए कास्ट कर सकते हैं। इस खबर से फैंस के बीच हलचल बढ़ गई थी। अब सभी लोग इस बारे में आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं।

पृथ्वीराज सुकुमारन अपनी आने वाली फिल्म 'एल 2: एम्पुरान' के निर्देशन की वजह से चर्चा में हैं। फिल्म में मोहनलाल मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 27 मार्च 2025 को रिलीज होने वाली है। निर्देशक ने साथ फिल्म में पृथ्वीराज अहम भूमिका में भी नजर आएंगे।

### छॉलीवुड

## रोमांस के साथ कॉमेडी का तड़का, दर्शकों को खूब पसंद आ रही 'टीना-टप्पर'




छत्तीसगढ़ी कॉमेडी से भरपूर संदेशप्रद पारिवारिक फिल्म 'टीना-टप्पर' को दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। दसवीं के टॉपर के एक मामूली होटल में काम करने और संपन्न परिवार की टीना से उसकी प्रेम कहानी के साथ ही एक्शन और कॉमेडी का देशी तड़का दर्शकों को प्रभावित कर रहा है। दर्शकों का कहना है कि यह फिल्म मनोरंजन से भरपूर है। वहीं इस फिल्म से सीख मिलती है कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता है। फिल्म की कहानी में नायक दसवीं के टॉपर होने के बाद भी होटल में काम करता है। इस फिल्म की कहानी में कई संदेश है। गणतंत्र दिवस पर छत्तीसगढ़ के 67 सिनेमाघरों के अलावा नागपुर में फिल्म रिलीज हुई है। जिससे छत्तीसगढ़ी सिनेप्रेमियों में काफी उत्साह है। फिल्म में मुख्य भूमिका में अमलेश नागेश और इल्षा घोष हैं, जबकि नितेश कॉमेडियन, पप्पू चंद्राकर, अंजलि चौहान, फेकू पूनम, राजेश बाघमारे और अनीता वर्मा सहकलाकार के रूप में है। फिल्म में पत्रकार ताबिर हुसैन ने भी महत्वपूर्ण भूमिका की है। ताबिर ने पहली बार बड़े परदे पर कैमरे का सामना किया है और उनका 'फेफड़ा मार्का' डायलॉग भी दर्शकों के बीच खासा लोकप्रिय हो रहा है। फिल्म का निर्देशन और लेखन प्रणव झा ने किया है, और इसके निर्माता रोशन विर्वानी और अजय सिंह हैं।




लाइफ स्टाइल

वसंत 2025 का कलेक्शन अगर पेरिस फैशन वीक की रौनक बन रहा है तो इसमें हैरानी की बात नहीं है। इस मौसम में डिजाइनर मैक्सिमलिज्म ने एक बड़ी वापसी की, जिसमें वैलेंटिनो में रफल्ड फ्लोरल शिफॉन स्कर्ट, लेस टाइट्स और ज्वैलरी के साथ रैम्प पर उतारा है। दर्शकों ने उत्साहजनक प्रतिक्रिया दी है।

## एक्ने प्रोन स्किन की देखभाल करने के टिप्स जानें



त्वचा पर हो रहे मुंहासों की वजह से आप परेशान हैं और आपके लिए यह समझना मुश्किल हो रहा है कि स्किन केयर रूटीन में किसी चीज को शामिल करें और किसे नहीं, तो एक बार ब्यूटी एक्सपर्ट शहनाज हुसैन द्वारा बताए गए टिप्स को ट्राई करके देखें। टी ट्री ऑयल एंटी फंगल होता है। यह संक्रमण फैलाने वाले रोगाणुओं का खात्मा करता है। इसमें एंटी इंफ्लामेटरी गुण होते हैं।

मुंहासों की वजह से अगर त्वचा पर सूजन आ गई है, तो भी टी-ट्री ऑयल आपके लिए फायदेमंद होगा। आप शहद या एलोवेरा जेल में केवल 2 बूंद टी-ट्री ऑयल को मिक्स करके चेहरे पर लगा सकती हैं। इससे आपकी त्वचा को बहुत फायदे पहुंचेंगे। एलोवेरा जेल को आप त्वचा पर डायरेक्ट न लगाएं बल्कि आप दूध या गुलाब जल के साथ मिक्स करके इसे चेहरे पर लगाएंगी तो मुंहासों की समस्या में आपको राहत मिल जाएगी।

मुंहासों की वजह से यदि आपके चेहरे पर सूजन है, तो वह भी इस नुस्खे से दूर हो जाएगी। ग्रीन-टी के पानी में गुलाब जल मिक्स करें और इसे स्प्रे बॉटल में भर लें। फिर आप इस मिश्रण को फेशियल टोनर की तरह चेहरे पर इस्तेमाल करें। इससे चेहरे की सूजन भी कम होगी और मुंहासों को सूखने में भी मदद मिलेगी।

## क्रश को करना इंप्रेस तो इस तरह से हों तैयार, देखकर सामने वाला हो जाएगा फिदा




साल के दूसरे महीने यानी कि फरवरी में वैलेंटाइन डे आता है, जो हर प्रेमी जोड़े के लिए काफी खास होता है। इस खास दिन को और खास बनाने के लिए कपल्स एक-दूसरे को तोहफा देते हैं, और उन्हें उनके खास होने का एहसास कराते हैं। वैलेंटाइन डे तो 14 जनवरी को मनाया जाता है, लेकिन इस दिन से ठीक एक हफ्ते पहले यानी कि 7 फरवरी से वैलेंटाइन वीक की शुरुआत हो जाती है। वैलेंटाइन वीक का हर दिन बेहद खास होता है। इन सात दिनों में आप अपने पार्टनर को उनके स्पेशल होने का एहसास करा सकते हैं।



खास तौर पर अगर आप किसी को पसंद करती हैं, तो वैलेंटाइन वीक शुरू होने से पहले अपने क्रश को इंप्रेस कर सकती हैं। बहुत सी लड़कियों को ये समझ नहीं आता कि वो क्रश के सामने कैसे जाएं, तो इसके लिए हम आपको आइडिया देने जा रहे हैं, ताकि क्रश के सामने भी आपका आत्मविश्वास बना रहे।

### सादगी भरा लुक रखें

ज्यादातर लड़कों को लड़कियों का सादगी भरा लुक ही पसंद आता है। ऐसे में अपने क्रश के सामने हमेशा सादगी भरे लुक में ही जाएं। खासतौर पर अगर आप अपने क्रश के साथ पहली बार कहीं घूमने जा रही हैं, तो अपने लुक का खास ध्यान रखें।

### भड़कीले कपड़ों से रहें दूर

ज्यादा भड़कीले कपड़े आपके लुक को खराब कर सकते हैं। ऐसे में कोशिश करें, कि ज्यादा चमक-धमक या चमकीले कपड़ों से दूर ही रहें। उनकी जगह आप थोड़ा सिंपल कपड़ों को चुन सकते हैं।

### आरामदायक कपड़ों को दें प्राथमिकता

अपने क्रश के सामने कभी ऐसे कपड़े पहनकर ना जाएं, जिसे पहनकर आप खुद असहज हों। कपड़े हमेशा ऐसे होने चाहिए, जिसे पहनकर आपको किसी तरह की कोई परेशानी ना हो।

अगर आप अपने व्यक्तित्व के विपरीत जाकर किसी को इंप्रेस करने के लिए तैयार होंगी, तो ये आपके लिए भी खराब हो सकता है। ऐसे में क्रश को इंप्रेस करने के लिए तैयार तो हों।

## ड्रेस के साथ बूट पहनकर दिखाना है जलवा तो इन बातों का रखें ख्याल



सर्दियों के मौसम में हर कोई घूमने का प्लान बनाता है। अगर आप भी सर्दियों में घूमने जा रही हैं, तो स्टाइल दिखाना तो लाजमी है। ऐसे में सर्दियों की शुरुआत होते ही हर लड़की विंटर के हिसाब से शॉपिंग करना शुरू कर देती है। हर लड़की के पास कई तरह की जैकेट्स होती हैं, जिन्हें पहनकर वो अपना जलवा दिखाती रहती हैं। सर्दियों के मौसम में जैकेट्स के साथ-साथ बूट्स भी लड़कियों को स्टाइलिश दिखने में मदद करते हैं। बूट्स वैसे तो किसी भी आउटफिट के साथ अच्छे लगते हैं, लेकिन अगर इन्हें ड्रेस के साथ पहना जाए, तो इनका स्टाइल और ज्यादा क्लासी लगने लगता है। ज्यादातर लड़कियों को ड्रेस के साथ बूट पहनने का शौक होता है लेकिन अगर आप इसे गलत तरह से कैरी करेंगी, तो आपका लुक बिगड़ सकता है। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे, जिनको फॉलो करके आप ड्रेसेज के साथ बूट्स पहन सकती हैं।

### हील्स वाले बूट्स

अगर आप मिडी स्टाइल ड्रेस के साथ बूट्स कैरी करने का सोच रही हैं, तो अपने कमर में चौड़ी सी बेल्ट जरूर लगाएं। इससे आपका लुक और ज्यादा क्लासी लगेगा। बेल्ट लगाने से आपका फिगर काफी ज्यादा खूबसूरत लगेगा। इसके साथ हील्स वाले बूट्स पहनें।

### ऐसे कैरी करें थाई बूट्स

शॉर्ट ड्रेस के साथ हमेशा लंबी हाइट वाले बूट्स ही पहनें। इनकी हाइट तकरीबन 6 इंच होनी चाहिए। इससे आप सर्दी से भी बच जाएंगी और साथ में आपका स्टाइल भी काफी बोल्ड लगेगा।

## सिर पर नहीं अटक रहा दुपट्टा, ये हैक्स जरूर आएंगे दुल्हन के काम

अगर आपकी शादी हो चुकी है, तो आपको पता होगा कि इस दिन की शुरुआत ही कितनी परेशानियों से होती है। अगर शादी नहीं हुई है, तो आप खुद को इस बात के लिए तैयार कर लें कि आखिरी वक्त पर ना जाने कितनी चीजें परफेक्ट नहीं होती हैं। ऐसे में भले ही कितनी भी तैयारियां की हों कुछ ना कुछ गड़बड़ होती ही है। शादी वाले दिन दुल्हनों की एंग्जायटी का लेवल भी थोड़ा ज्यादा ही होता है। ऐसे समय में आपके काम कुछ ऐसे हैक्स आ सकते हैं जिनके बारे में शायद आपको ना पता हो। वेडिंग प्लानिंग जितनी भी कर लो, लेकिन आखिरी वक्त की हड़बड़ाहट में अगर आपको कुछ करने का मौका मिले, तो आपको इन हैक्स को जरूर आजमाना चाहिए।

### ब्राइडल फुटवियर में स्लिप हो रहे हैं पैर

ब्राइडल फुटवियर हमेशा नई ही होती है और ऐसे में जब बहुत ही स्मूथ सरफेस वाली चप्पल हो, तो पैर जरूर फिसलता है। ऐसे में आपको इन दो चीजों को जरूर करना चाहिए-



सबसे पहले चप्पल के सोल को थोड़ा सा घिस लीजिए। इसे रेत से, नेल फाइलर से, सैंडपेपर से घिसा जा सकता है। आप किसी भी रफ चीज से इसे घिस सकती हैं जिससे पैरों में दिक्कत ना हो। दूसरा यह कि आपके पैरों में अगर पसीना आ रहा है, तो उन्हें साफ करें और थोड़ा सा पाउडर छिड़क लें।

कार्नर न्यूज

### साड़ी में आप बेहतर तरीके से दिखा सकती हैं भारतीयता

## साड़ी में स्लिम दिखने की चाहत अब होगी पूरी

*साड़ी लुक को आकर्षक बनाने के लिए आपको ड्रेपिंग से लेकर स्टाइलिंग तक के लिए लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो करना चाहिए। साड़ी को ड्रेप करने के कई तरीके हो सकते हैं और इसके लिए आपको इंटरनेट पर कई तरह की वीडियोज मिल जाएंगी। ज्यादातर हम साड़ी लुक्स के लिए सेलिब्रिटीज के लुक्स से इंस्पायर हो जाते हैं और इन्हें री-क्रिएट करने लगते हैं।*



कई बार साड़ी तो हम पहन लेते हैं, लेकिन कई स्टाइलिंग मिस्टेक्स के वजह से हम साड़ी में परफेक्ट लुक नहीं हासिल कर पाते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं 10 गलतियां जिन्हें आपको नहीं करना चाहिए ताकि आप आसानी से पतली नजर आए। अगर आपकी ब्रेस्ट हैवी है तो साड़ी को ड्रेप करने के लिए आप पल्लू की प्लीट्स न बनाएं और इसे इसे ही खुला हुआ छोड़ दें।

मार्केट में आपको कई तरीके के वर्क वाली साड़ी मिल जाएंगी, लेकिन पतली दिखना चाहती हैं तो आप लाइट वेट डिजाइन की साड़ी को चुन सकती हैं। वैसे तो हम हर साड़ी के साथ अलग से पेटीकोट को खरीदते हैं, लेकिन अपनी बॉडी को परफेक्ट फिटिंग देने के लिए आप साड़ी शेपवियर को भी पहन सकती हैं। साड़ी के साथ पहनने के लिए ब्लाउज को चुनते समय कोशिश करें कि ज्यादा फैलावट वाला कोई डिजाइन न चुनें और स्लीव्स व नेकलाइन के लिए कोई लेटेस्ट फैशन में चल रहे डिजाइन का चुनाव करें। पतली दिखना चाहती हैं तो सटल और लाइट कलर कॉम्बिनेशन की जगह पर आप डीप और डार्क कलर की साड़ी को चुनें।

फैब्रिक की बात करें तो कई सिल्क फैब्रिक जैसे टिश्यू आपको फैलावट वाला लुक देंगे लेकिन अगर आप पतली दिखना चाहती हैं तो शिफॉन या जोर्जेट के कपड़े की साड़ी को चुनें। साड़ी में आर्म फैट को छिपाना चाहती हैं तो बेल स्लीव्स जैसे फैले हुए डिजाइंस की जगह पर सिंपल 3/4 लेंथ की स्लीव्स बनवाएं। ब्लाउज की नेकलाइन के लिए आप चौड़ाई को कम रखें ताकि आपकी बॉडी शेप सही तरीके से डिफाइन हो पाए और इसके लिए आप वी-नेक, स्वीटहार्ट जैसी नेकलाइन को चुन सकती हैं। साड़ी के डिजाइन के लिए बॉर्डर वर्क चुन रही हैं तो इसके लिए कोशिश करें कि कम चौड़ाई वाले बॉर्डर डिजाइन को ही चुनें ताकि आपकी ब्रेस्ट और बॉडी शेप परफेक्ट शेप में नजर आए।



साड़ी की प्लीट्स बनाते समय आप इन्हें हेयर स्ट्रैटनर की मदद से सेट कर लें ताकि साड़ी की प्लीट्स फैलने से बची रहे।